


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में दिग्गज क्रिकेटर की ...

मुसलमानों के खिलाफ नहीं है भाजपा, इस्लामिक देशों ने भी दिया .... 12



वर्ष : 11 | अंक : 349 | पटना, शनिवार, 04 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### बांदा में सड़क हादसे में तीन की मौत

बांदा। उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के कमसिन क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी बबेरू राजवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यह हादसा रात लगभग दो बजे उस समय हुई जब कमासिन निवासी मोहम्मद गुलाम, कमलेश साहू, रज्जू मुसीवा गांव से कमासिन आ रहे थे कि एक अनियंत्रित बोलेरो से टकरा गए। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने तीनों को सामुदायिक केंद्र में उपचार के लिये भर्ती कराया जहां मोहम्मद गुलाम और कमलेश को तड़के मृत घोषित किया गया जबकि राजू को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी भी आज मृत्यु हो गई।

### गैर कश्मीरी कैब चालक पर आतंकी हमले के मामले में एक ओजीडब्ल्यू गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने पिछले महीने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में एक गैर कश्मीरी कैब चालक पर हुए हमले की जांच के दौरान आतंकियों के एक सहयोगी (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। 9 अप्रैल को दिल्ली निवासी टैक्सी चालक परमजीत सिंह पर शोपियां के पदपावन गांव में आतंकवादियों द्वारा लक्षित हमला किया गया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह हमला हीरपुरा में डेनिश रिसॉर्ट में हुआ था, जो मुगल रोड पर पड़ता है और कश्मीर को जम्मू क्षेत्र के राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ता है। शोपियां पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दानिश रिसॉर्ट्स में पदपावन गांव में हमले के मामले की जांच में एक महत्वपूर्ण डेवलपमेंट के साथ शोपियां पुलिस ने सेना की 44 आरआर और सीआरपीएफ की 14 बटालियन के साथ मिलकर छोटीपोरा में 06 एके 47 राउंड, 2 सेल फोन की बरामदगी के साथ एक ओजीडब्ल्यू को गिरफ्तार करने में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

### सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी, सीबीआई से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली सिसोदिया की याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया। निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। मामले की सुनवाई आठ मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

### बम की अफवाह के बाद भोपाल में ट्रेन की तलाशी

भोपाल। ट्रेन में संदिग्ध वस्तु होने की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस बल ने शुक्रवार को सुबह मध्य प्रदेश के भोपाल में रानी कमलापति स्टेशन पर पुणे-जम्मू तवी झेलम एक्सप्रेस की तलाशी ली। आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत यादव ने बताया कि आरपीएफ द्वारा 40 मिनट तक तलाशी लिए जाने के बाद यह सूचना झूठी निकली। यादव ने बताया कि एक यात्री ने टीटी को ट्रेन में संदिग्ध वस्तु होने की सूचना दी, जिसके बाद ट्रेन को भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि करीब 40 मिनट तक चले तलाशी अभियान के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

---

**प्रधानमंत्री ने कोलकाता में चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना**

# मोदी का राहुल पर तंज, कहा- डरो मत, भागो मत

## बोलें- इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है कांग्रेस

प्रात : किरण



बर्द्धमान/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली संसदीय सीट से चुनाव लड़ने के फैसले पर राहुल गांधी पर तंज कसा और कहा कि वायनाड़ से अपनी हार सुनिश्चित देख उन्होंने तीसरा ठिकाना ढूंढा है। बर्द्धमान-दुगार्पुर में शुक्रवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते मोदी ने राहुल गांधी से कहा, डरो मत! भागो मत! प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि उन्होंने पहले ही बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हारने वाले हैं और हार के डर से जैसे ही मतदान समाप्त होगा वह तीसरी सीट खोजने लग जाएंगे। उन्होंने कहा, और अब दूसरी सीट पर भी उनके सारे चेले-चपाटे कह रहे थे अमेठी आएंगे, अमेठी आएंगे। लेकिन अमेठी से भी इतना डर गए कि वहां से भागकर अब रायबरेली में खोज रहे हैं रास्ता। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं डरो मत! मैं भी इन्हें कहता हूं, अरे डरो मत! भागो मत! प्रधानमंत्री ने इसके साथ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि उनके बारे में उन्होंने तीन महीने पहले ही दावा किया था कि कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता इस बार चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, वो डर के मारे भाग जाएंगी। भाग करके राजस्थान गईं और राज्यसभा में आईं। मोदी ने दावा किया इस बार के चुनाव के नतीजे का अनुमान लगाने के लिए किसी ओपिनियन पोल या फिर एक्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि परिणाम स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं।

**मैं जनसेवा के लिए ही पैदा हुआ :** प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह जनता की सेवा करने के लिए पैदा हुए हैं और उनका सपना केवल जनता के सपनों को पूरा करना है। पीएम मोदी ने कहा कि वे मौज करने के लिए पैदा नहीं हुए और न ही खुद के लिए जीना चाहते हैं। वे केवल जनता की सेवा का संकल्प लेकर140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकले हैं। विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। यह सब वे अपने लिए नहीं, बल्कि अपनों के लिए कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि मैंने कल टीवी पर देखा कि तृणमूल के एक विधायक कह रहे थे कि हिंदुओं को दो घंटे में भागीरथी में बहा देंगे। ये कौन-सी भाषा है? बंगाल में तृणमूल की सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। ये कैसे लोग हैं कि जय श्रीराम के उद्घोष से भी इन्हें आपत्ति है। इनको राममंदिर के निर्माण से आपत्ति है, रामनवमी की शोभायात्रा से आपत्ति है। मोदी ने कहा कि मैं तृणमूल सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में हमारी दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ, पूरा देश कार्रवाई की मांग करता रहा लेकिन तृणमूल गुनहगार को बचाती रही। क्या सिर्फ इसलिए क्योंकि उस गुनाहगार का नाम शाहजहां शेख था। इन वोट के भूखे लोगों की पहले दो चरणों में लुटिया डूब चुकी है। अब ये खुलेआम नया खेल लेकर आए हैं। अब ये कहते हैं कि मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। जिहाद क्या होता है ये हमारे देश के लोग भली-भांति जानते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में दशकों से वोट जिहाद का खेल पर्दे के पीछे चुपचाप चलता था। पहली बार वो इतने हताश और निराश हो चुके हैं कि अब वोट जिहाद की सार्वजनिक घोषणा कर रहे हैं। इसीलिए, वोट जिहाद की इस अपील पर कांग्रेस का शाही परिवार, तृणमूल और लेफ्ट का परिवार चुप है। यानी इंडी अलायंस के सारे चट्टे-बट्टे वोट जिहाद से सहमत हैं।

---

**नामांकन के आखिरी दिन कांग्रेस ने दोनों सीटों के लिए उम्मीदवारों का किया ऐलान**

# राहुल रायबरेली से लड़ेंगे चुनाव, अमेठी से किशोरीलाल शर्मा

## राहुल और शर्मा ने अंतिम दिन अपना-अपना नामांकन पत्र किया दाखिल

प्रात : किरण



नई दिल्ली/ एजेंसी। नामांकन के आखिरी दिन कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया। इन दोनों सीटों पर नामांकन का आखिरी दिन शुक्रवार को ही है। दोनों नेताओं ने अंतिम दिन पर्चा भरा। ऐसे में ऐन वक्त पर पार्टी ने तय किया है कि राहुल गांधी रायबरेली और किशोरी लाल शर्मा अमेठी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में होंगे। केएल शर्मा, सोनिया गांधी के प्रतिनिधि रह चुके हैं। इसी के साथ प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लग गया। कांग्रेस ने शुक्रवार सुबह इसकी आधिकारिक घोषणा की।

**सोनिया की सीट से राहुल की यूपी में वापसी :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी 1999 के लोकसभा चुनावों तक अमेठी सीट से चुनाव लड़ती थीं। इसके बाद 2004 में उन्होंने राहुल के लिए यह सीट छोड़ी और रायबरेली का रुख किया। राहुल ने 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से आसान जीत दर्ज की। 2014 में जरूर राहुल को स्मृति ईरानी ने टक्कर दी, लेकिन हरा नहीं पाईं। हालांकि, 2019 में राहुल ने अमेठी के अलावा वायनाड से भी चुनाव लड़ा। अमेठी में उन्हें स्मृति ईरानी के हाथों हार का सामना करना पड़ा, लेकिन वे वायनाड से जीतकर लोकसभा पहुंचे। इसके बाद 2024 में सोनिया गांधी को पार्टी ने राज्यसभा भेजने का फैसला किया और उनकी पारंपरिक सीट रायबरेली से राहुल को उतारा।

**वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे राहुल:** राहुल गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं। पिछली बार वे वायनाड से ही जीते थे। वायनाड में मतदान हो चुका है। अमेठी और रायबरेली में 20 मई को मतदान है।

**अंतिम तारीख को दाखिल किया पर्चा:** राहुल और शर्मा शुक्रवार को अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इन दोनों सीट पर सात चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत 20 मई को मतदान होगा, जिसके लिए नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन शुक्रवार यानी आज है।

**भाजपा ने अमेठी-रायबरेली से इन्हें उतारा:** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को अमेठी से एक बार फिर उम्मीदवार घोषित किया है। स्मृति ने 29 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र भी दाखिल किया था। वहीं, भाजपा ने रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया है।

---

# कर्नाटक में एसडीपीआई के समर्थन से सत्ता में आई कांग्रेस: अमित शाह

प्रात : किरण



हुक्केरी (कर्नाटक)/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि बेंगलुरु में हुए बम विस्फोट में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) से जुड़े राष्ट्र-विरोधी तत्व शामिल थे और कांग्रेस इसी एसडीपीआई के समर्थन से कर्नाटक में सत्ता में आई है।

उन्होंने सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर राज्य सरकार ठीक से जांच करने में समर्थ नहीं है तो हुबली की छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या के मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी जाए।वह यहां बेलगावी जिले में चिक्कोडी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अन्नासाहेब जोले के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

शाह ने एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के संदर्भ में कहा, ह्यह्यमोदी जी ने देश से आतंकवाद खत्म किया। मोदी जी ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया। लेकिन कर्नाटक में यह कांग्रेस सरकार एसडीपीआई के समर्थन से सत्ता में आई है। नतीजा देखिए, उनके सत्ता में आने के बाद बेंगलुरु में बम विस्फोट हुआ।

शाह ने कहा, उन्होंने (कांग्रेस सरकार) पहले कहा कि यह एक सिलेंडर विस्फोट है। यह सिलेंडर विस्फोट नहीं था, यह एसडीपीआई के राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा किया गया बम विस्फोट था। जब जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपी गई तो ऐसे तत्वों की संलिप्तता के बारे में पता चला।उन्होंने कहा, चिंता मत कीजिए, कांग्रेस सरकार को जो मर्जी करने दीजिए नरेन्द्र मोदी सरकार कर्नाटक को सुरक्षित रखेगी।

राज्य में 13 अन्य लोकसभा क्षेत्रों के साथ चिक्कोडी में 7 मई को मतदान होगा।पिछले महीने कॉलेज परिसर में नेहा हिरेमथ की हत्या का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि सरकार में कुछ लोगों ने कहा कि हत्या व्यक्तिगत कारणों से हुई। उन्होंने कहा, यह कैसा व्यक्तिगत कारण है? एक लड़की, जो धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहती थी, उसकी हत्या कर दी गई। मैं परसों हुबली में उसकी मां से मिला था। उन्होंने मुझे बताया कि उनकी बेटी पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव था। मैं कांग्रेस पार्टी से कहना चाहता हूं कि यदि आप मामले की ठीक से जांच नहीं कर पा रहे हैं, तो इसे सीबीआई को सौंप दो। भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि नेहा हिरेमथ के साथ अन्याय करने वालों को सजा मिले। हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की उसके कॉलेज परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी फैयाज खोंदुनाईक मौके से भाग गया था जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।नेहा मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) की प्रथम वर्ष की छात्रा थी और फैयाज पूर्व में उसका सहपाठी था।

---

# प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, सभी मुख्यमंत्री, तीनों सेनाध्यक्ष सभी हैं हिंदू, फिर भी खतरे में कैसे है धर्म : तेजस्वी

## नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा से पूछा तीखा सवाल

प्रात : किरण



पटना। खतरे में हिंदू नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुर्सी है। नेता प्रतिपाक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने पीएम मोदी और भाजपा पर तंज कसते हुए सोशल मिडिया पर लिखा। ह्यदेश के प्रधानमंत्री हिंदू, राष्ट्रपति हिंदू, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री हिंदू, तीनों सेनाध्यक्ष हिंदू है फिर भी ये लोग कह रहे है कि धर्म खतरे में है।

तेजस्वी ने कहा, दरअसल धर्म को खतरे में बताने वाले यह नहीं बताना चाहते कि रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी से देश के 60 फीसदी युवाओं का वर्तमान एवं भविष्य खतरे में है। किसान और कृषि खतरे में है। उद्योग-धंधे खतरे में है। बहन बेटियाँ और महिलाएं खतरे में है। शिक्षा-चिकित्सा खतरे में है। महंगाई-गरीबी से बहुसंख्यक आबादी खतरे में है। जनता के जिंदा मुद्दों पर तो प्रधानमंत्री जी बात ही नहीं करना चाहते। हालिया समय में पीएम मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार हिंदू-मुस्लिम को लेकर कई तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। मुस्लिम, मुगल, मछली, मंगलसूत्र जैसे मुद्दे उछालते हुए विपक्ष को निशाने पर ले रहे हैं। भाजपा के इस चुनावी कैम्पेन पर हमला बोलते हुए तेजस्वी ने अब पीएम मोदी को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को नहीं बल्कि पीएम मोदी की कुर्सी पर खतरा बताया। तेजस्वी ने गिनती कराते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री हिंदू, राष्ट्रपति हिंदू, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री हिंदू, तीनों सेनाध्यक्ष हिंदू है फिर भी ये लोग कह रहे है कि धर्म खतरे में है। तेजस्व ने आरोप लगाया कि हिन्दुओं को खतरे में रहने की बातें कहकर पीएम मोदी और भाजपा देश में नौकरी, चिकित्सा, महंगाई जैसे मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही है।

### पीएम मोदी नौकरी-रोजगार व महंगाई का जिक्र नहीं करते : लालू

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर से हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि हिंदी भाषा में आज लगभग 1.5 लाख शब्द बताये जाते हैं तथा अध्ययन की सभी शाखाओं में तकनीकी शब्दों को मिलाकर लगभग 6.5 लाख शब्द हैं। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे पसंदीदा शब्द पाकिस्तान, श्मशान, कब्रिस्तान, हिन्दू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद, मछली-मुगल, मंगलसूत्र, गाय-भैंस हैं। लालू प्रसाद ने कहा कि हालांकि इन शब्दों की लिस्ट पहले दो चरणों के चुनाव होने तक की है। सातवें चरण तक इस लिस्ट में कुछ दो चार नाम और बढ़ सकते हैं। पीएम मोदी नौकरी-रोजगार, गरीबी-किसानी, महंगाई-बेरोजगारी, विकास-निवेश, छात्र-विज्ञान-नौजवान इत्यादि मुद्दे भूल गए हैं। अपनी चुनावी सभा में वह इन सब मुद्दों का जिक्र नहीं करते हैं।

---

# कांग्रेस ने मणिपुर में अशांति को लेकर मोदी सरकार की निंदा की



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला और उस पर उदासीन एवं निष्ठुर होने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्व पर कहा कि मणिपुर ठीक एक साल पहले तीन मई, 2023 को जलना शुरू हुआ था।

उन्होंने कहा, मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई। (केंद्र में) उदासीन मोदी सरकार और राज्य में अयोग्य भाजपा सरकार के क्रूर मेल ने राज्य को वस्तुतः दो हिस्सों में बांट दिया है। उन्होंने कहा, निष्ठुर प्रधानमंत्री मोदी ने इस सीमावर्ती राज्य में कदम नहीं रखा जो उनकी अक्षमता और पूर्ण उदासीनता को उजागर करता है। उनके अहंकार ने एक खूबसूरत राज्य के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाया है। खरगे ने कहा कि मणिपुर के सभी समुदायों के लोग अब जानते हैं कि भाजपा ने उनके जीवन को कैसे दयनीय बना दिया है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, पूर्वोत्तर के लोग अब जानते हैं कि मोदी सरकार द्वारा तथाकथित विकास को लेकर बेशर्म होकर ढोल बजाए जाने के कारण इस क्षेत्र में मानवता की आवाज को दबा दिया गया है। भारत के लोग अब जानते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार को मणिपुर में उन अनगिनत जिंदगियों के प्रति रत्ती भर भी सहानुभूति नहीं है जिन्हें उन्होंने नष्ट कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि 220 से अधिक लोग मारे गए हैं, 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं और महिलाओं एवं बच्चों सहित हजारों लोग अब भी शिविरों में हैं। खरगे ने कहा, महिलाओं से बलात्कार हुआ, उनकी परेड कराई गई और भयावह हिंसा हुई लेकिन प्रधानमंत्री चुप रहे। आक्रोश के बाद ही प्रधानमंत्री ने अगस्त 2023 में दिखावे के लिए बोलने की जहमत उठाई, जो अब खोखला साबित हो रहा है।

**इंटक के 77वें स्थापना दिवस पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने दीं शुभकामनाएं:** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के 77वें स्थापना दिवस पर इसके सदस्यों और समर्थकों को शुभकामनाएं दी हैं। खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, इंटक के 77वें स्थापना दिवस पर मैं इसके सभी सदस्यों और समर्थकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस पार्टी के श्रमिक न्याय ने करोड़ों श्रमिकों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक एजेंडा निर्धारित किया है, और हम अपनी गारंटी को लागू करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेसाध्यक्ष ने यह भी कहा, हम पूर्ण रोजगार और उच्च उत्पादकता लाभ के अपने दोहरे लक्ष्यों को पूरा करने के लिए श्रम और पूंजी के बीच संतुलन बहाल करने के लिए औद्योगिक और श्रम कानूनों में सुधार लाएंगे।

---

# पीएम मोदी आज दरभंगा में करेंगे चुनावी सभा

प्रात : किरण

पटना। लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते एक महीने में पांचवां बिहार दौरा होने जा रहा है। पीएम मोदी शनिवार 4 मई को दरभंगा में बीजेपी प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद गोपालजी ठाकुर से समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधि करेंगे। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी अग हफ्ते एक बार फिर बिहार आ रहे है। 6 मई को उनकी उजियारपुर में चुनावी रैली प्रस्तावित है। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरभंगा के राज मैदान में शनिवार को जनसभा करेंगे। स्थानीय बीजेपी नेताओं ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**अमित शाह 6 मई को उजियारपुर में:** बीजेपी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गृह मंत्री अमित शाह 6 मई को उजियारपुर में चुनावी रैली करेंगे। यहां से केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय बीजेपी के टिकट पर लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। शाह आगामी सोमवार को उजियारपुर में नित्यानंद राय के समर्थन में वोट मांगते हुए नजर आएंगे। लोकसभा चुनाव की तारीखें घोषित होने के बाद यह उनका चौथा बि दौरा होगा। इससे पहले वे औरंगाबाद-गया, कटिहार और बेगूसराय एवं मधुबनी में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियां कर चुके हैं।

**प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर कानपुर में दो दिन तक ड्रोन पर प्रतिबंध:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 04 मई को कानपुर आगमन और प्रस्तावित रोड शो के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए कानपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में 03 एवं 04 मई को ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। कानपुर के अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) हरिश चन्दर ने शुक्रवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रोड शो के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं सामान्य नागरिकों की सुरक्षा और आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए कानपुर नगर क्षेत्र में धारा 144 लागू किया गया है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के ड्रोन के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। कानपुर कमिश्नरेट की सीमा के अंदर कानून का राज कायम करने एवं जनहित को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

---

**चुनाव** | **करीब 31 वर्षों तक गांधी परिवार के सदस्यों ने इस लोकसभा सीट का किया प्रतिनिधित्व**

# अमेठी लोकसभा सीट से 25 वर्षों में पहली बार गांधी परिवार से कोई नहीं लड़ रहा चुनाव

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट को गांधी परिवार के सबसे मजबूत किलों में से एक माना जाता रहा है लेकिन 25 वर्षों में ऐसा पहली बार होगा जब गांधी परिवार का कोई भी सदस्य लोकसभा चुनाव में इस सीट से चुनाव मैदान में नहीं उतरेगा। वर्ष 1967 में निर्वाचन क्षेत्र बने अमेठी को गांधी परिवार का मजबूत किला माना जाता है और करीब 31 वर्षों तक गांधी परिवार के सदस्यों ने इस लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया है।

पिछले आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता स्मृति ईरानी कांग्रेस के इस किले को भेदने में सफल रहीं और उन्होंने राहुल गांधी को 55 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त दी थी। इस बार राहुल गांधी रायबरेली सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे जबकि गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा को अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है। शर्मा ने गांधी परिवार की गैर-मौजूदगी में दोनों प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों का काम-काज संभाला है। अमेठी लोकसभा सीट पर गांधी परिवार को 1998 में उस समय झटका लगा था, जब राजीव गांधी और सोनिया गांधी के करीबी सतीश शर्मा को भाजपा के संजय सिंह के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा था। यह पहला मौका था जब यह सीट गांधी परिवार के हाथ से निकल गयी थी। सोनिया गांधी ने 1999 में सिंह को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराकर अमेठी को फिर से कांग्रेस की झोली में डाल दिया था। सोनिया ने 2004 में रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और राहुल गांधी को अमेठी सीट सौंपी गयी। राहुल ने 2004, 2009 और 2014 में लगातार तीन बार इस सीट पर जीत दर्ज की लेकिन 2019 में उन्हें स्मृति इरानी के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी। अमेठी, उत्तर प्रदेश की 80 संसदीय सीटों में से एक प्रमुख लोकसभा सीट है, जिसमें पांच विधानसभा क्षेत्र तिलोई, सालोन, जगदीशपुर, गौरीगंज और अमेठी आते हैं। पिछले कुछ वर्षों में कांग्रेस, भाजपा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) इस क्षेत्र में तीन मुख्य दलों के रूप में उभरे हैं। राजीव गांधी ने 1991 तक अमेठी लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इसी वर्ष उग्रवादी समूह लिट्टे ने उनकी हत्या कर दी। राजीव की हत्या के बाद, इसी वर्ष हुए उपचुनाव में अमेठी से सतीश शर्मा जीते और 1996 में फिर से सांसद चुने गए लेकिन 1998 में भाजपा के संजय सिंह ने उन्हें हरा दिया। स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 4,68,514 मत हासिल कर 55 हजार से अधिक मतों के अंतर से अमेठी सीट पर जीत हासिल की थी जबकि राहुल गांधी को 4,13,394 वोट मिले थे। इससे पहले 2014 के आम चुनाव में राहुल गांधी ने 4,08,651 मतों के साथ लगातार तीसरी बार अमेठी सीट पर अपना कब्जा जमाया था जबकि ईरानी को 3,00,748 मत प्राप्त हुए थे। अमेठी और रायबरेली सीट पर 20 मई को मतदान होना है।

---

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जीएसटी कानून के तहत नोटिस व गिरफ्तारी का आंकड़ा पेश करने को कहा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से वस्तु एवं सेवा कर के प्रावधानों के तहत जारी किए गए नोटिस और गिरफ्तारियों का ब्यौरा मांगा है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या कर सकता है तथा स्वतंत्रता से वंचित करने वाले किसी भी उत्पीड़न से नागरिकों के बचाव के लिए उचित दिशानिर्देश दे सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने जीएसटी की धारा 69 में अस्पष्टता पर चिंता जतायी जो गिरफ्तारी की शक्तियों से संबंधित है। पीठ जीएसटी अधिनियम, सीमा शुल्क अधिनियम और धनशोधन रोकथाम कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली 281 याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा कि अगर जरूरत हुई तो वह स्वतंत्रता को मजबूत बनाने के लिए कानून की व्याख्या करेगी, लेकिन नागरिकों को परेशान नहीं होने देगी। उसने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा, आप जीएसटी अधिनियम के तहत पिछले तीन वर्ष में एक करोड़ रुपये से पांच करोड़ रुपये की कथित चूक के लिए जारी किए गए नोटिस और गिरफ्तारियों का आंकड़ा पेश करें। लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। यदि हमें लगता है कि प्रावधान में कोई अस्पष्टता है तो हम उसे दुरुस्त करेंगे। दूसरा, सभी मामलों में लोगों को जेल नहीं भेजा जा सकता। कुछ याचिकाकताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने जीएसटी व्यवस्था के तहत अधिकारियों की शक्तियों के कथित दुरुपयोग का मुद्दा उठाया और कहा कि इससे व्यक्तियों की स्वतंत्रता कम हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### अंग्रेजी शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

दानापुर खगौल रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग के दौरान रेल पुलिस ने ट्रेन डाउन विभूति एक्सप्रेस से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 500 एमएल का 96 पीस अंग्रेजी शराब बियर बरामद किया। सभी पर फॉर सेल इन उत्तर प्रदेश लिखा हुआ है इस संबंध में प्राअनि राम सुंदर सिंह ने लिखित मामला दर्ज कराया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नालंदा के हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत गोनामा निवासी निशांत कुमार के रूप में किया गया। वही दानापुर विशेष चेकिंग के दौरान रेल पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी गाड़ी डाउन मगध एक्सप्रेस के पिछला जनरल बोगी से दो संदिग्ध पीठु बैग बरामद किया। बैग से पुलिस ने 750 एमएल के 8 बोतल अंग्रेजी शराब व 500 एमएल के 14 बोतल वियर बरामद किया। जिस पर फॉर सेल इन महाराष्ट्र अंकित था।

### पति ने पत्नी को चाकू से वार कर किया घायल

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत थाना पर में ससुराल में पति ने आपसी विवाद को लेकर अपनी पत्नी साथ मारपीट करते हुए चाकू से वार कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में थाना पहुंची। पुलिस ने आरोपित पति को हिरासत में लेकर छानबीन में जुटी है। घायल पत्नी खुशबू ने बताया कि सालिमपुर अहरा निवासी पति सूरज प्रसाद बराबर मारपीट करता था। जिससे परेशान होकर अपने बच्चा के साथ अपनी मां के घर थानापर आ गयी। पिछले दस महिना से अपनी मां के घर में रह रही हूं। शुक्रवार को सूरज घर आया और जबरन बच्चा को ले जाने के लिए कहने लगा। विरोध करने पर मारपीट करते हुए चाकू से हाथ पर वार कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

### शहर में पांच जगहों पर खुला पनशाला

फतुहा। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर परिषद फतुहा द्वारा शहर के वाणी पुस्तकालय, नटवा मोड़, एक्सिस बैंक के पास, महारानी चौक और गोविंदपुर सहित पांच जगहों पर प्यास बुझाने के लिए पनशाला खोला गया है। इससे आने-जाने वाले राहगीरों को ठंडा पानी पीने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसकी जानकारी सिटी मैनेजर साकेश सिन्हा ने दी।

### बालु लदा ओवरलोड हाइवा ट्रक जब्त

फतुहा। बीते रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर फोरलेन से पुलिस ने एक ओवरलोड हाईवा ट्रक को जब्त किया है। जानकारी अनुसार हाइवा ट्रक गंगा सफेद बालु ओवरलोड करके जा रहा था जिसे रात्रि गश्ती टीम द्वारा जब्त कर थाना पर लाया गया। हाइवा चालक अपना नाम नितीश कुमार पिता शिवबालक यादव ग्राम बसावपुर थाना बख्तियारपुर, जिला पटना बतलाया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब व कार के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

दानापुर खगौल पुलिस ने स्टेशन के निकट एक आल्टो कार पर सवार तीन पुरुष व एक महिला को गिरफ्तार किया। छानबीन में कार से 25.92 लीटर अंग्रेजी शराब बारामद किया। गिरफ्तार लोगो में शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के शेखपुरा बिंदटोली निवासी सोनू कुमार, विकास कुमार, प्रकाश कुमार व दानापुर थाना क्षेत्र के सुलतानपुर निवासी प्रियंका देवी शामिल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी कार से खगौल स्टेशन से राजाबाजार की ओर जाने के लिए कार पर सवार हुए थे। सभी को गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

### मुकेश सहनी को वाई सुरक्षा देने की मांग

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार निषाद संघ के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह निषाद ने बयान जारी कर कहा कि वीआईपी के प्रमुख मुकेश साहनी निषादों का उभरता हुआ नेता है और लगातार केवट, मल्लाह व निषाद को आरक्षण दिलाने के लिए संघर्षरत है। इसके कारण इस समुदाय के लोग उनको अपना नेता मानते हैं। केंद्र सरकार ने इन्हें वाई सुरक्षा दिया था, मगर यह सुरक्षा वापस ले ली गई।सुरक्षा हटाने से उनके जान को खतरा है। सुरक्षा हटने से बिहार के केवट, मल्लाह व निषाद समाज में आक्रोश है। इसे लेकर बिहार का निषाद समाज खासा चिंतित है। केंद्र सरकार से बिहार निषाद संघ और बिहार के केवट, मल्लाह और निषाद समाज दोबारा वाई सुरक्षा देने की मांग करता है।

# नरेन्द्र मोदी ने की आयुष मंत्रालय की 2014 में स्थापना : रविशंकर

- राजद में समाजवाद नहीं, परिवारवाद है : रामकृपाल
- आयुर्वेद ही विश्व में स्वास्थ्य व्यवस्था की जननी है: डॉ प्रकाश




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जन आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत भाजपा आयुष विभाग के चिकित्सकों की बैठक आयोजित की गई। प्रदेश आयुष विभाग के संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि आयुष के अंतर्गत आने वाली चिकित्सा पद्धति हानिरहित और प्राकृतिक रूप से निरोगता प्रदान करती है। आयुर्वेद ही विश्व में स्वास्थ्य व्यवस्था की जननी है। एक्युप्रेशर, योग, प्राकृतिक चिकित्सा के साथ ही होमियोपैथी व यूनानी भी स्वस्थ जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण ज्ञान है। आईएमए हॉल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ अजय प्रकाश ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही आयुष मंत्रालय की स्थापना कर इसके विकास को बल प्रदान किया। उन्हीं के नेतृत्व में योग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित हुआ। कोरोना काल में भी आयुर्वेद काढ़ा बहुत प्रभावी रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छी सुझबूझ रखते हैं, इसलिए सभी आयुष चिकित्सक मोदी जी के साथ हैं तथा डोर टू डोर स्तर पर जनसम्पर्क बिहार में कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के निवर्तमान सांसद रविशंकर प्रसाद ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि निवर्तमान सांसद रामकृपाल यादव थे। स्वागत गान की प्रस्तुति शाम्भवी प्रकाश ने किया। इस दौरान निवर्तमान सांसद और पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आईटी में मैसेज कोरोना का टीका की व्यवस्था का उन्होंने किया था। जब प्रदेश में लालू की सरकार के दौरान चारा घोटाला हुआ और मामला कोर्ट में आया, तब उन्होंने अधिवक्ता की हैसियत से पैरवी की और उसे अंतिम निर्णायक स्तर पर पहुंचाने का काम किया। यही नहीं, उन्होंने पटना में आईटी के क्षेत्र में भी काम किया है। कोरोना कल के दौरान भी उन्होंने ऑक्सीजन की कमी होने पर अनेक अस्पताल और संगठनों को ऑक्सीजन बनाने की छोटी मशीन प्रदान करने का काम किया था एवं अन्य व्यवस्थाओं को भी मूर्तरूप देने का काम कराया था। वहीं पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि राजद में समाजवाद नहीं, परिवारवाद है। वहां वर्कर को कुछ नहीं, परिवार को सब कुछ मिलने वाला होता है। यहां भाजपा में कार्यकर्ता को पद और सम्मान मिलता है। उनके काम की कद्र होती है। कौन कब जनप्रतिनिधि बन जाए, कौन कब बोर्ड, निगम का अध्यक्ष बन जाए, कौन मुख्यमंत्री और कौन प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाए। इसके बारे में लोग सोच भी नहीं पाते हैं। वह नेतृत्वकर्ता हो जाता है, यही भाजपा की नीति है। अध्यक्षता डॉ अजय प्रकाश, मंच संचालन डॉ पंकज पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अन्जनेयम ने किया। इस अवसर पर साहित्य भारती प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक परिवर्तन के नायक नरेन्द्र मोदी का लोकर्पण किया गया, जो जनमानस के बीच निःशुल्क वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम को डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त और डॉ एचपी सिंह ने संबोधित किया तथा मनीष कुमार, डॉ अंशु तिवारी, डॉ अनिता सिन्हा, गौरव अग्रवाल, सर्व प्रकाश, डॉ एसके पोद्दार, डॉ राजकिरण, विकास मौड़ीवाल, प्रियंका रॉय, डॉ वीणा प्रकाश, परमानंद, डॉ सुनील कुमार सुमन आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# अतुल कुमार अंजान की मृत्यु पर अखिल भारतीय किसान महासभा ने गहरी शोक संवेदना की ब्यक्त

प्रात :किरण संवाददाता



पटना । अखिल भारतीय किसान महासभा ,बिहार ने अखिल भारतीय किसान सभा अजय भवन के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय किसान आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है ।अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह ने प्रेस को बताया कि 69 वर्षीय कामरेड अतुल अंजान पिछले 6 माह से कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। 1977 में ही छात्र जीवन के दौरान कम्युनिस्ट आंदोलन से जुड़े कामरेड अतुल कुमार अंजान लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के सबसे चर्चित अध्यक्ष रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कॉमरेड अतुल कुमार अंजान प्रखर वक्ता और लंबे समय से अखिल भारतीय किसान सभा( अजय भवन) के राष्ट्रीय महासचिव थे ।कामरेड अतुल कुमार अंजान ने किसान आंदोलन के ऐतिहासिक दिल्ली मोर्चे में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया था । वे किसानों की कर्ज मुक्ति व एमएसपी गारंटी कानून की मांग पर 2017 से चले राष्ट्रव्यापी किसान आंदोलन के अगुवा नेताओं में से एक थे। वे संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय समन्वय समिति के भी सदस्य थे। ऐसे में कॉमरेड अतुल कुमार अंजान की मृत्यु राष्ट्रीय किसान आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है ।

कामरेड अतुल अंजान के निधन पर आखिल भारतीय किसान महासभा की बिहार राज्य परिषद उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देती है।

# उच्च प्रवाही बोरिंग का जल स्तर नीचे भाग रहा, पानी का संकट



- जल पर्षद ने आधा दर्जन उच्च प्रवाही बोरिंग में कॉलम पाइप लगा दूर कर रहा परेशानी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भीषण गर्मी और तपिश के बीच तेजी से भूगर्भ जल का स्तर नीचे जा रहा है। इस स्थिति में उच्च प्रवाही बोरिंग पानी पूरी तरह से नहीं उलीच पा रहा है। इससे लोगों को पानी का संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कॉलम पाइप डाल कर पानी की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। रामपुर बोरिंग पंप में भी ऐसे ही समस्या उत्पन्न हुई है। पटना जल पर्षद की ओर से शुक्रवार को कॉलम पाइप डाल कर बोरिंग से पानी की आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास किया गया है। जल पर्षद के सहायक अभियंता विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि गर्मी की वजह से जल स्तर में आयी कमी के बाद यह संकट आया है। इसके समाधान के लिए आधा दर्जन से अधिक उच्च प्रवाही बोरिंग में कॉलम पाइप लगाने का काम कराया गया है, ताकि लोगों को पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़े। सहायक अभियंता ने बताया कि गर्मी को देखते हुए चार मेकेनिकल गैंग काम कर रहा है। इसके अलावा मोटर, पंप और बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफॉर्मर भी रिजर्व में रखा गया है, ताकि जलापूर्ति बोरिंग में आयी गड़बड़ी को तत्काल दूर कर समस्या का समाधान किया जा सके। अभियंता ने बताया कि खाजेकलां पानी टंकी, रामपुर बोरिंग पंप हाउस, बेलवरगंज स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय परिसर का बोरिंग, भद्र घाट डाकघर बोरिंग, माखनपुर ईदगाह के पास की बोरिंग, श्री गुरु गोविंद सिंह अस्पताल परिसर स्थित बोरिंग, दीदारगंज चेक पोस्ट और किला रोड में स्थित उच्च प्रवाही बोरिंग में कॉलम पाइप लगाने का कार्य कराया गया है।

# बिहार की बेटी को साइबर सुरक्षा पर शोध के लिए मिला स्वर्ण पदक

## बिहार की बेटी को शोध के लिए मिला स्वर्ण पदक



प्रात :किरण संवाददाता

बिहार की रहने वाली राज सिन्हा को ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, जयपुर राजस्थान के 14वे दीक्षांत समारोह, ज्ञान दीक्षा महोत्सव में देश की पहली आईपीएस और पांडिचेरी की पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर किरण बेदी के हाथों प्रमाण पत्र और स्वर्ण पदक दिया गया। राज सिन्हा चिकित्सक दंपति डा केशव कुमार सिंह एवं डा मीता की बेटी है और बुद्धा कॉलोनी पटना की रहने वाली है ।इनके दादाजी डॉ रंगी प्रसाद सिंह पटना चिकित्सा महाविद्यालय रेडियोथेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष थे । राज सिन्हा ने डॉक्टर ऑफ फिलासफी ( कंप्यूटर विज्ञान ) में अपना शोध का विषय बिहार के शहरी क्षेत्र में साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का एक अध्ययन रखा । राज ने बताया कि साइबर सुरक्षा विषय वर्तमान में महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दा है । शोध के दौरान बिहार में साइबर अपराध का टारगेट सबसे ज्यादा महिलाएं के होने का अनुभव किया । यह पहला मौका है कि साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बिहार का कोई उम्मीदवार शोध का विषय रखा है। विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण पदक मिलने पर कुलपति वेदांत गर्ग , रजिस्ट्रार डा हेमा बाफलिया, गाइड डा कविता ,एवं परिजनों ने अपनी बधाई दी है ।

# दीदी की रसोई का लाभ अधिकांश मरीज को नहीं मिल रहा

## खाने की ट्रॉली ले जाने के लिए रैंप नहीं होने से हो रही असुविधा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दीदी की रसोई शुरू है। पहले चरण में मरीजों को नाश्ता, दोपहर का खाना और रात का खाना दिया जाने लगा। बाद के दिनों में फिर कैंटीन की सुविधा भी शुरू की गई है, जिसमें जाकर कोई भी व्यक्ति भुगतान कर खाने का सामान ले सकता है। उस वक्त कहा गया था कि दीदी की रसोई का लाभ मरीजों को उनके इंडोर बेड तक उपलब्ध कराया जा रहा है, मगर फिलहाल यह पूरी तरह से अमल में नहीं लाया जा रहा है। ट्रॉली आने के बाद कर्मी वार्डवार जाकर मरीज के परिजनों को आवाज लगाते हैं कि आकर खाना आ चुका है, आकर ले जाइए। इसके बाद परिजन बर्तन लेकर आते हैं और खाना लेकर बेड के पास चले जाते हैं। मगर इसका लाभ यहां भर्ती अनेक मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में दीदी की रसोई की प्रखंड परियोजना प्रबंधक प्रियंका कुमारी से जब बात की गई, तब उनका कहना था कि मुख्य परेशानी का कारण यह है कि जहां रैंप नहीं बना है, वहां बड़ा-बड़ा टोपिया लदे ट्राली को लेकर जाना मुश्किल होता है। रैंप की कमी के कारण ही असुविधा हो रही है। जहां तक नाश्ते का सवाल है, मरीज को उनके बेड तक उपलब्ध कराया जा रहा है। यही नहीं, नाश्ता और खाने की गुणवत्ता में भी पूर्व से अधिक सुधार है, खासकर दूध, अंडा, फल आदि के मामले में जो भोजन मरीज को उपलब्ध कराया जा रहा है, वह भी गुणवत्ता से परिपूर्ण होता है। जब उनसे कहा गया कि एनएमसीएच का ही पार्ट नशा विमुक्ति केंद्र में ट्राली लगाकर बाहर में मरीज के परिजनों को खाना दिया जा रहा है। उस पर से भी मरीज के परिजनों की शिकायत थी कि उन्हें कल तक खाना में महज चार रोटी दिया जा रहा था। जब कल एक-दो लोगों ने विरोध जताया, तब आज शुक्रवार को उन सबों को चावल, दाल और आलू की सब्जी उपलब्ध कराई गई है। चावल की मात्रा भी सही था, मगर दाल खासा पतला था। इस संबंध में प्रियंका ने कहा कि ऐसा संभव नहीं है। वह अपने सुपरवाइजर से बात करेंगी कि जब छह रोटी देने का प्रावधान है, तो फिर चार रोटी ही देने की शिकायत कैसे मिल रही है। वह खुद नशा विमुक्ति केंद्र में जाकर मरीज और उनके परिजनों से बात कर जानकारी लेने का काम करेंगी। हालांकि कुछ देर के बाद उन्होंने बताया कि दो नए मरीज एडमिट हुआ था उनका लिस्ट नहीं आया था फिर भी बची रोटी में से चार-चार रोटी दोनों को उपलब्ध करा दिया गया था। दरअसल नशा विमुक्ति केंद्र के चहारदीवारी के बाहर भी ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण चल रहा है। खोदे गए मलबा मिट्टी को यूं ही छोड़ दिया गया है। चल रहे तेज पछिया हवा के कारण धूल उड़कर लोगों को परेशान कर रहा है। यह धूल भी खाना तक पहुंच जा रहा है। यहां भी रैंप की सुविधा नहीं है, जिससे की ट्राली को उऊपर चढ़ा कर मरीजों के बीच बेड तक खाना पहुंचा जा सके या ट्राली को अंदर तक ले जाया जा सके। प्रखंड परियोजना प्रबंधक ने कहा कि वह इस संबंध में जल्द ही अधीक्षक डॉ अलका सिंह से मिलकर इस संबंध में बात करेंगी, ताकि समस्या का निराकरण किया जा सके-

# श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश को अस्वीकार किया था पटना साहिब के पंज प्यारों ने




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता


तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पंज प्यारों और तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा भी अपने हित व स्वार्थ को लेकर ही श्री अकाल तख्त साहिब को धार्मिक मामले में सुप्रीम कोर्ट मानते हैं और वहां से जारी आदेश को स्वीकार और अस्वीकार भी किया जाता है। दरअसल छह दिसंबर, 2022 को श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के द्वारा नौ मुद्दे पर हुकुमनामा जारी किया गया था। इसके बाद नौ दिसंबर, 22 को यहां पंज प्यारों की विशेष बैठक की गई। उक्त पत्र में पंज प्यारों के रूप में मुख्य ग्रंथी बलदेव सिंह, वरीय ग्रंथी गुरदयाल सिंह, ग्रंथी जसवंत सिंह, अमरजीत सिंह और परशुराम सिंह के हस्ताक्षर हैं। इस पत्र में कहा गया कि तख्तश्री पटना साहिब में चल रहे विवाद के संबंध में कुछ निर्देश श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा छह दिसंबर, 22 को तख्तश्री पटना साहिब के प्रबंधकीय बोर्ड को बुलाया गया है और कुछ निर्णय लिए गए, जो निष्पक्ष नहीं थे। इससे यहां का माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। इस स्थिति को देखते हुए आपके सभी निर्णय को पंज प्यारे साहिब द्वारा अस्वीकार कर दिया गया है, क्योंकि तख्त साहिब जी के संविधान में अनुच्छेद 79 के अनुसार किसी भी धार्मिक विवादित मुद्दे पर तब तक कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता, जब तक समूह प्रबंधन कमेटी का श्री अकाल तख्त साहिब को लिखित में न दे दे। तख्तश्री पटना साहिब में भी सेवाएं एवं व्यवस्थाएं प्राचीन नियमों के अनुसार की जाती हैं, जिसके कारण किसी भी तख्त साहिब के द्वारा नए नियमों और विधान के अनुसार लिए गए निर्णय पटना साहिब पर लागू नहीं किया जा सकता। तख्तश्री पटना साहिब के शिष्टाचार के अनुसार जब तक पंज प्यारे सिंह साहिब किसी को तनखैया आरोपी का फैसला विचार के लिए श्री अकाल तख्त के पास नहीं भेज देते, तब तक आपके द्वारा माफी या उसे बदला नहीं जा सकता। तख्तश्री पटना साहिब का यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार के शिष्टाचार का उल्लंघन करता है, पटना साहिब से ही नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। लेकिन आपने इसके विपरीत निर्णय लिया है, जिसे लागू नहीं किया जा सकता है। हालांकि पंज प्यारों के द्वारा जारी पत्र के संबंध में प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के उस समय के कार्यकारी अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने पत्र जारी कर श्री अकाल तख्त साहिब को सूचित किया कि जिन पंज प्यारों के द्वारा श्री अकाल तख्त साहिब के फैसले को अमान्य और लागू नहीं करने की बात कही गई है, दरअसल उसमें से दो-तीन पंज प्यारे में शामिल नहीं हैं और प्रबंधन बोर्ड के द्वारा स्वीकृत पंज प्यारों की सूची भी सौंपी गई थी।

**विवाद का कारण यह**

हाल के दिनों में अक्टूबर, 2023 में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तख्तश्री पटना साहिब पहुंची थीं। तब यहां संगतों को दरबार साहिब से बाहर निकालने, तख्तश्री परिसर में प्रवेश किए जाने से रोकने आदि को लेकर श्री अकाल तख्त साहिब में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसे लेकर कमेटी के अध्यक्ष, महासचिव और अधीक्षक को कारण पृच्छा भी भेजा गया था। बाद में उन तीनों को सशरीर उपस्थित होने को कहा गया। इसके बाद श्री अकाल तक साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह के द्वारा इस मामले को तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों के द्वारा सुनवाई किए जाने को रेफर किया गया। इस आधार पर तीनों व्यक्ति कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह और अधीक्षक दलजीत सिंह पटना साहिब के पंज प्यारों के समक्ष पेश हुए और लिखित में माफीनामा दिया। इसके बाद पहले पेश हुए दलजीत सिंह को धार्मिक सजा सुनाई गई, जो उन्होंने पूरा किया। इसके बाद अध्यक्ष और महासचिव दो मई को पेश हुए। दोनों को 501 रुपए का कड़ाह प्रसाद का भोग करने का निर्देश दिया गया, जिसे उन दोनों ने भी पूरा किया। अंततः तीनों को दोष मुक्ति का पत्र जारी कर दिया गया। अब सवाल यह है कि एक तरफ श्री अकाल तख्त साहिब का हस्तक्षेप नहीं करने को तख्तश्री पटना साहिब के मामले में यहां के संविधान का हवाला देते हुए कहा गया है। वहीं दूसरी ओर वहां के द्वारा निर्देशित किए गए आदेश को यहां के पंज प्यारों के द्वारा उसे स्वीकार किया जाता है और सुनवाई करने के बाद धार्मिक सजा भी सुनाई जाती है। ऐसे में संगतो के बीच भी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। हालांकि कमेटी के पदाधिकारियों ने उक्त जारी हुकुमनामा के कुछ बिंदुओं को लागू करने का काम किया, मगर अभी भी कुछ बिंदु पर कार्रवाई करना शेष रह गया है।

# निक्षय दिवस से यक्ष्मा उन्मूलन अभियान को मिली गति

प्रात :किरण संवाददाता



पटना- सूबे में टीबी को लेकर लोगों की भ्रान्ति तेजी से दूर हो रही है. लोग जागरूक हो रहे हैं तथा सन्देह होते ही इलाज कराने को सामने आने लगे हैं. राज्य में प्रखंड स्तर पर कार्यरत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा अन्य सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर हर माह की 16 तारीख को मनाये जाने वाले निक्षय दिवस कार्यक्रम से ऐसा सम्भव हुआ है. इसने यक्ष्मा उन्मूलन अभियान को गति दी है. देश में यक्ष्मा उन्मूलन वर्ष 2025 तक करने का लक्ष्य है. निक्षय मित्र मिथिलेश पाठक ने बताया कि पहले लोग टीबी को लेकर भ्रांति और अफवाहों के चक्कर में आ जाते थे. लोग दूसरों से अपने या अपने स्वजनों के टीबी से ग्रसित होने की बात छिपाते थे. लोगों को डर रहता था कि टीबी की बात सुनकर उनके घर के लड़के-लड़कियों की शादी में दिक्कत आ सकती है. लेकिन, आज परिदृश्य बदलने लगा है. श्री पाठक बताते हैं कि अब शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोगों में टीबी को लेकर जागरूकता आई है. लोग समझने लगे है कि टीबी का इलाज भी है और इसकी हर सेवा सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध भी है. लोग भी टीबी मरीजों के इलाज में सहयोग करने लगे हैं. ह्लनिक्षय मित्रह्व बनने और बनाने को भी स्वतः आगे आने लगे हैं. दरअसल टीबी मरीज को गोद लेने की केंद्र सरकार की एक योजना है ह्लनिक्षय मित्रह्व. ह्लनिक्षय मित्रह्व बनने वाले को कम से कम पाँच जरूरतमन्द टीबी पीड़ित को गोद लेनी होती है और उनके पौष्टिक खानपान में सहायता करनी होती है. उन्हें नियमित दवा खाने के लिए उत्प्रेरित करना होता है. जब मरीज की सेहत बेहतर हो जाती है तो गोद लेने वाले व्यक्ति को स्वास्थ्य विभाग प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करती है। मेरे अनुभव अनुभव हैं बक्सर जिला अंतर्गत नावानगर प्रखंड स्थित सोनवर्षा पंचायत के निवासी अनुज कुमार (बदला हुआ नाम) ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के कारण मुझे टीबी के लक्षण की जांच तथा दवा के पूरे कोर्स के सेवन की महत्ता समझ में आयी। मैंने दवा के पूरे कोर्स का सेवन किया और अब टीबी को हराकर पूरी तरह स्वस्थ हूं। निक्षय दिवस पर जिला एवं प्रखंड स्तर तक की सहभागिता होती है सुनिश्चितः सूबे में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सहित सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर हर महीने 16 तारीख को होने वाले निक्षय दिवस में इलाजरत टीबी मरीजों का फॉलो अप, बीच में दवा छोड़ने वाले मरीजों का उन्मुखीकरण एवं फॉलो अप, टीबी के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार, कई जगहों पर इलाजरत मरीजों के बीच निक्षय मित्रों द्वारा फूड पैकेट का वितरण आदि किया जाता है।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा संचालित सहारा वृद्धाश्रम, कमलदह गुलजारबाग को पेडेस्ट्रल पंखा उपलब्ध कराया गया




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा हेल्पेज इंडिया एवं सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के द्वारा संचालित सहारा वृद्धाश्रम, कमलदह गुलजारबाग को पेडेस्ट्रल पंखा उपलब्ध कराया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए आवासित बुजुर्गों के लिए ये पंखें स्व गोविंद प्रसाद सुल्तानिया, स्व जेसी राम अग्रवाल आदि की पुण्य स्मृति में प्रदान किए गए। समाजसेवी संदीप ड्रॉलिया ने भी एक पंखा इन बुजुर्गों की सुविधा के लिए प्रदान किया। इस अवसर पर सभी आवासित बुजुर्गों को शरबत पिलाया गया एवं फल खिलाए गए। कार्यक्रम में रमेश कुमार सुल्तानिया, ईश्वर लाल अग्रवाल, विजय कुमार सिंह, मनोरमा सुल्तानिया, जया सुल्तानिया, शकुंतला देवी एवं वृद्धाश्रम को-ऑर्डिनेटर कृष्णा जी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी पटना सिटी के अध्यक्ष गोविंद कानोडिया ने की। इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संबोधन में उपस्थित सज्जनों ने कहा कि बुजुर्ग हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं तथा उनकी सेवा करना न केवल हमारा सामाजिक, बल्कि नैतिक दायित्व भी है।

# स्कूटी लदा देसी शराब हुआ जब्त

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना की पुलिस ने स्कूटी पर लदे देसी शराब को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान स्कूटी पर लदा 180 लीटर देसी शराब बरामद करने के साथ ही स्कूटी को भी जब्त कर लिया गया है। मामले में छानबीन की जा रही है। हालांकि चर्चा है कि नाव के द्वारा शराब को उतार कर स्कूटी पर लादा गया था। पुलिस की टीम के पहुंचने के साथ ही नाव सहित उस पर सवार फरार हो गए, जबकि स्कूटी पर लदा शराब वाहन सहित जब्त कर लिया गया।

# मलेरिया के कारण गर्भावस्था में गंभीर बीमारियों का खतरा तीन गुणा अधिक

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। गर्भवती महिलाओं में गैर गर्भवती महिलाओं की अपेक्षा मलेरिया के कारण गंभीर बीमारियों का खतरा तीन गुणा ज्यादा रहता है। जबकि गर्भावस्था के दौरान करीब 25 प्रतिशत महिलाओं में मलेरिया के खतरे का अंदेशा भी रहता है। ये बातें नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन जर्नल के एक रिसर्च में जारी हुई है। मालूम हो कि बिहार के सात जिले गया, औरंगाबाद, कैमूर, मुंगेर, रोहतास, जमुई और नवादा मलेरिया से अत्यधिक प्रभावित जिलों की श्रेणी में शामिल हैं। एम्स, पटना के स्त्री रोग विभाग में एडिशनल प्रोफेसर डॉ इंदिरा प्रसाद ने बताया कि मलेरिया के कारण गर्भवतियों में अनेक गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। कई बार मलेरिया होने पर उसके पैरासाइट महिलाओं के स्प्लीन में जमा हो जाते हैं, इसके कारण खून के थक्कों को बनने में दिक्कत होना, तिल्ली का बढ़ जाना जैसी शिकायत होती है। मलेरिया की अधिकतम दवाएं गर्भवतियों के लिए हानिकारक होती हैं। इसलिए सेल्फ मेडिकेशन से बचना चाहिए। मलेरिया के दौरान गर्भवती महिलाओं में प्रतिरोधक क्षमता काफी कम हो जाती है। इसके कारण समय पूर्व प्रसव, गर्भस्थ शिशु में जन्मजात विकृति या भ्रूण भी खराब हो सकती है। गर्भवती स्त्री या सामान्य महिलाओं को मलेरिया होने की स्थिति में स्त्री रोग विशेषज्ञ किसी फिजीशियन से दिखाना चाहिए। वे ऐसे डिस्पेंसरी में जाएं जहां आईसीयू की भी व्यवस्था हो। अपर निदेशक सह वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि हमारे शरीर में मलेरिया और उसके जैसे परजीवी के हमलों से बचने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली काम करती है, यह गर्भावस्था के दौरान काफी कमजोर हो जाती है। इससे गर्भवती महिलाओं में मलेरिया का खतरा काफी बढ़ जाता है। राज्य के ऐसे जिले जो इससे अति प्रभावित हैं, वहां के 1094 राजस्व ग्रामों में लगातार दो महीने तक पूर्व सूचना देकर घरों में डीडीटी का छिड़काव हर वर्ष किया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीते 24घंटे में 14अभियुक्त गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने बीते 24घंटे में 14अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।इसमें शराब मामले में 7गिरफ्तारियां हुई हैं। यह जानकारी एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। वाहन चेकिंग के दौरान 6लाख 90हजार 500रुपये का जुमार्ना किया गया है। पुलिस ने 800ग्राम गांजा और 2मोबाइल भी बरामद किया है।

### नेपाल निर्मित 30 कार्टून शराब बरामद, 4 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर -सईतआमढई मार्ग पर रामपुर हरी थाना क्षेत्र के शाहपुर पइतऔझइयआ के पास पुलिस ने 30कार्टून नेपाल निर्मित विदेशी शराब एवं 10कार्टून वियर बरामद किया है।इस सिलसिले में दो कार को जब्त करते हुए 4 कारोबारियों को भी गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है।

### दुष्कर्म के आरोप में पॉक्सो ऐक्ट तहत दोषी करार

दरभंगा। न्यायमंडल दरभंगा के पॉक्सो ऐक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रोतिमा परिहार की अदालत ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुजफ्फरपुर जिला के सकरा थानाक्षेत्र के वोअरिया निवासी स्व. कासिम के बेटे मो. तबारक को दोषी करार दिया है।अदालत ने गुरुवार को नगर (कोतवालीओपी) थानाकांड सं. 221/20 से बने जीआर सं.56/20 का बिचारण पुरी कर अभियुक्त को भादवि की धारा 376 एबी और पॉक्सो ऐक्ट की धारा 6 में दोषी करार दिया है।अदालत ने सजा की अवधि निर्धारण के बिन्दु पर सूनवाई और निर्णय के लिए 8 मई की तिथि निर्धारित किया है। अभियोजन पक्ष का संचालन कर रहे स्पेशल पीपी विजय कुमार ने बताया कि 11 बर्षीय पीड़िता अपनी छोटी बहन के साथ दरभंगा के दोनार स्थित खीस्ट ज्योति विद्यालय,होली रोजरी के हॉस्टल में रहकर पढ़ती थी। विद्यालय में ऑनलाईन पढाई शुरू हुई तो अभियुक्त ने बच्चों से अपना व्हाट्सएप नंबर स्कूल के ग्रूप से जूड़वाकर बच्चियों को पढने के लिए बुलाया तथा पीड़िता के साथ हैवानियत की थी तथा इसका अश्लील वीडिओ विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर डाल दिया।इसकी प्राथमिकी 8 अगस्त 2020 को कोतवाली ओपी में दर्ज हुई थी।दोषी करार दिए गए अभियुक्त घटना के बाद से हीं काराधीन है।

### मदरसा में लगी आग से हजारों की क्षति

बेनीपुर। नगर परिषद क्षेत्र के बसुहाम मुहल्ला में गुरुवार को मदरसा ए बिलाल में आग लगने से हजारों की संपत्ति जल का नष्ट हो गई। अग्निशमन वाहन पहुंचने के पहले मुहल्ला के लोगों ने आग बुझा दिया। मदरसा के हेड मुदर्रिस मुतस्फा रजा कादरी ने बताया कि सुबह 6 बजे अचानक मदरसा में धुआं और आग की लपटे उठने लगी। इसकी सूचना अग्निशमन वाहन को दी गई, लेकिन समय पर वाहान नहीं पहुंची। स्थानीय लोगों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के बाद अग्निशमन वाहन पहुंची। उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड में लाउडस्पीकर, 40 बोड़ा सीमेंट, टेबल बेंच आदि सामान जलकर नष्ट हो गया। सीओ अश्विनी कुमार ने इस बात पूछने पर बताया कि इस घटना की जानकारी नहीं है।

### समाजसेवी अजीत शर्मा की मां का 70 वर्ष में निधन

मधुबनी जिले के जयनगर में शोक की लहर दौड़ गई है। दरअसल, जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत उछाल टोल निवासी समाजसेवी अजीत कुमार शर्मा, उर्फ पिंकू की 70 वर्षीय माता जी का बुधवार को निधन हो गया। आपको बता दें कि अजीत शर्मा के माता जी की मृत्यु की खबर पूरे जिले में आग की तरह फैल गई और लोगों में शोक का माहौल है। वह करीब 10 दिनों से बीमार थी और शारीरिक पीड़ा से परेशान थी। बुधवार को उनका निधन हो गया। निधन की खबर मिलने के बाद परिजन समेत पूरे जिले में शोक की लहर है और उसके बाद से ही कई पत्रकार, समाजसेवी, व्यापारी एवं जिले के गणमान्य व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया है।

### ट्रक की ठोकर से बिजली पोल हुआ क्षतिग्रस्त

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर नर्सरी के समीप कल्याणपुर की ओर से जा रही ट्रक ने बिजली के पोल में ठोकर मार दी। ठोकर लगने से बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग को दिए। हालांकि लोगों ने ट्रक को पकड़ कर विद्युत विभाग को दिया। विद्युत विभाग के पदाधिकारी ने थाना में आवेदन देने की बात कही है।

# मतदान के दिन नहीं होगी बिजली की कटौती : डीएम

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता




जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह द्वारा 25- खगड़िया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 140 हसनपुर विधानसभा अंतर्गत 7 मई को होने वाले मतदान को लेकर उसकी तैयारी के संबंध में समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने 140 हसनपुर विधानसभा के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता रोसड़ा अमित कुमार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित सभी बिंदुओं पर की गई तैयारियों की विस्तृत चर्चा और विभिन्न कोषांगों से उनकी आवश्यकता संबंधी जरूरी जानकारियां ली गई। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने समाहरणालय सभा कक्ष में निर्वाचन सम्बंधित सभी कोषांगों की बैठक में कई आवश्यक निर्देश दिए। सर्वप्रथम उन्होने बिजली विभाग को तृतीय चरण के मतदान के दिन खगड़िया लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 140 हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में 7 मई को पूरे दिन बिजली की व्यवस्था सुदृढ़ रखने को निर्देश दिया। वहाँ बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से लगातार की जाएगी। इस बैठक में उन्होंने संबंधितों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन के 72 घंटे पूर्व एसओपी का अनुपालन शत प्रतिशत किया जाएगा। हसनपुर में कुल 310 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां आधे मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। साथ ही मतदान दिन के लिए विभिन्न क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) का गठन किया गया है जिसमें ईभीएम से संबंधित क्यूआरटी को प्रखंड नियंत्रण कक्ष में, लॉ ऑर्डर से संबंधित क्यूआरटी को थानाध्यक्षों के अध्यक्षता में तथा मेडिकल से संबंधित क्यूआरटी को प्रखंड मुख्यालय में रहने को निर्देशित गया है। इसके अलावा मतदान के रिजर्व कर्मियों को प्रखंड मुख्यालय में उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है। वही जिला सूचना पदाधिकारी को भीटीआर (वोटर टर्न ऑउट) का प्रतिवेदन तैयार करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटरों को विशेष रूप से प्रशिक्षित कराने का निर्देश। समीक्षा बैठक में निर्वाचन की तैयारियों से आश्वस्त होकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने भीटीआर को बढ़ाने का निर्देश भी दिया।

## सर्वसम्मति से सभी पंचांगकारों ने पर्व - त्यौहारों व लग्न मूहर्त का लिया निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। अखिल भारतीय मैथिली महासभा भवन बलभद्रपुर के प्रांगण में शुक्रवार को वर्ष 2024 - 25 में होनेवाले पर्व त्योहार और लग्न सहित अन्य शुभ कार्यों में एकरूपता रखने के लिए पंडित सभा का आयोजन कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडे की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें मिथिला से प्रकाशित होने वाले विश्वविद्यालय पंचांग के पंचांगकार पंडित रामचंद्र झा, पंडित वरुण कुमार झा, पंडित राकेश कुमार झा, विद्यापति पंचांग के पंचांगकार पंडित देवकीनंदन झा, वैदेही पंचांग के पंचांगकार पंडित अजय मिश्र,महावीर पंचांगकार पंडित शिवेंद्र झा, मिथिला पंचांगकार पंडित मुक्ति कुमार झा ने भाग लिया। पंडित महासभा की हुई बैठक में गहन विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से सभी पंचांगकारों ने अपने - अपने पंचांग में विविध पर्व - त्यौहारों एवं लग्न मूहर्त में एकरूपता रखने का निर्णय लिया। पंचांग कारों के लिए गये निर्णय के मुताबिक इस वर्ष सौराठ सभा का आयोजन 28 मई से 6 जून तक होगा। इसके अलावा उपनयन के 13 दिन, विवाह के लिए 52 दिन, द्विरागमन के 24 दिन, मुंडन के 23 दिन, गृहारंभ के 20 दिन तथा गृह प्रवेश के 28 दिन निर्धारित हुए। यह जानकारी देते हुए ज्योतिष शोध केंद्र के निदेशक सह सचिव पंडित विश्वनाथ झा शास्त्री ने कहा कि पंडित महासभा की बैठक में पंडित मदन कुमार झा, पंडित देव नारायण झा, पंडित शशिनाथ झा, पंडित कुणाल झा, पंडित सुरेश्वर झा, पंडित भगलू झा, डॉ.विद्यानाथ झा, पंडित मिथिलेश कुमार चौधरी सहित मिथिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वान और कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्व विद्यालय के विद्वानों ने भाग लिया

## मधवापुर में छह से आठ घंटे रहती है बीजली, भीषण गरमी में जन-जीवन अस्त व्यस्त

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी साहरघाट विद्युत पॉवर सब स्टेशन से जुड़े मधवापुर, हरलाखी एवं बेनीपट्टी प्रखंड के करीब 26 हजार उपभोक्ताओं की हालत विद्युत विभाग की लचर आपूर्ति व्यवस्था के कारण जला देने वाली चिलचिलाती तेज धूप, लू एवं उमस भरी भीषण गरमी में इसबार पूरी तरह बदहाल हो गई। खासकर भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित सुरक्षा की दृष्टिकोण से अतिसंवेदनशील प्रखंड मुख्यालय मधवापुर में सरकार एवं विभाग के कम से कम ग्रामीण क्षेत्रों में 16 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। यहां मुश्किल से छह से आठ घंटे बिजली रहती है। जिसके कारण जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त होकर रह गया है। भीषण गरमी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है।एक घंटे नहीं टिकती बिजली मुश्किल से पांच छह घंटे रहने वाली बिजली कभी लगातार एक घंटे नहीं टिकती है। बल्कि, पांच से दस मिनट में एक बार निश्चित कटती है। बिजली रानी की इस आंख मिचौनी वाले खेल से उपभोक्ता बुरी तरह त्रस्त हो गए हैं। बोल्टेज के अपडाउन एवं आंख मिचौनी के कारण उपभोक्ताओं के बल्ब, पंखे के मोटर, टीवी, एलसीडी आदि के फ्यूज, क्वाइल आदि भारी पैमाने पर आए दिन जल रहे हैं। बिजली नहीं रहने से लोगों के लैपटॉप, मोबाइल, इन्वर्टर, यूपीएस, टॉर्च, इमरजेंसी लाइट आदि विद्युत चालित उपकरण चार्ज नहीं हो पा रहा है। जिसके, कारण लोगों को हजारों किमी दूर रहे अपने परिजनों से बात नहीं हो पा रही है। ऑन लाइन पढ़ाई, नौकरी, व्यवसाय आदि चौपट हो गए हैं। लोग इन उपकरणों को चार्ज करने के लिए इधर उधर भटकते रहतेदेखे जा सकते हैं। लेकिन, कहीं कोई सहारा नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि, विद्युत की लचर व्यवस्था इतनी चरमरा गई है कि पुनः लोग पुराने दिनों को याद करने लगे हैं।पानी की किल्लत विद्युत नहीं रहने के कारण लोगों को पीने, नहाने धोने के लिए आवश्यकता अनुसार पानी तक नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि, भूगर्भीय जल स्तर का लेवल 20 से 25 फीट नीचे खिसक जाने की वजह से ढाई सौ फीट गहराई वाले 10 प्रतिशत चापाकल से भी काफी मशक्कत के बाद पानी निकल पा रहा है। दूसरी तरफ कई पंचायतों के कई वार्डों में नल जल योजना का बोरिंग नहीं चल रहा है। जिससे, विद्युत उपभोक्ताओं को पीने तक के पानी नहीं मिल पा रहे हैं। खासकर एक से तीन मंजिल मकान वाले उपभोक्ताओं की परेशानियां अनगिनत हो गई है।

## अतुल अंजान का निधन, गरीबों के लिए बड़ी क्षति : प्रोफेसर संजय

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव, ओजस्वी वक्ता तथा कम्युनिस्ट आंदोलन के प्रमुख हस्ताक्षर अतुल कुमार अनजान के निधन से पूरे देश में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। कामरेड अतुल कैंसर से पीड़ित थे तथा लम्बे समय से लखनऊ के मायो अस्पताल में भर्ती थे। इन्होंने छात्र जीवन से हीं राजनीति की शुरूआत की तथा लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष तथा ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। ये एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय कृषि आयोग के सदस्य के रूप में कृषि संकट के निदान के लिए अग्रणी भूमिका निभाई। पूरे देश में एक प्रखर वक्ता के तौर पर इन्होंने अपनी पहचान बनाई। इनके निधन से देश के वामपंथी आंदोलन ने एक मजबूत आधारस्तम्भ खो दिया। इनके निधन पर शोक प्रगट करने वालों में विधानपार्षद प्रोफेसर संजय कुमार सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह, भाकपा जिला सचिव रामकिशोर झा, किसान नेता चन्देश्वर प्रसाद चौधरी, बुस्टा महासचिव प्रो० रमेश प्रसाद गुप्ता, बुटा महासचिव प्रो० सुनील कुमार सिंह, महिला समाज की अध्यक्षा प्रो० भारती सिन्हा, माध्यमिक शिक्षक नेता नर्मदेश्वर प्रसाद सिंह, तंजीम-ए-इंसाफ के जिला संयोजक शब्बर हसन आदि ने अपनी शोक संवेदना प्रगट करते हुए अतुल कुमार अंजान के अधूरे सपने को साकार करने का संकल्प लिया।

## प्रधानमंत्री आज दरभंगा में,ऐतिहासिक होगा कार्यक्रम : राणा रणधीर




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के प्रभारी व पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह ने सभा स्थल पर प्रेस को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री का दरभंगा के राज मैदान में चार मई दिन शनिवार को कार्यक्रम आयोजित है ।यहां के सभी जनता उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम 1 बजे दिन आयोजित है । लगता है जिस प्रकार से आम जनता उनको सुनने व देखने के लिये उत्सुक है यहां लाखों की संख्या में लोग भाग लेंगे। श्री रामचंद्र जी का संबंध मिथिला से है और रामलाला की प्राण प्रतिष्ठा को आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जन-जन का त्योहार बनाया आज दरभंगा की जनता त्योहार की तरह इस आगमन को देख रही है। मोदी सरकार की तरह अटल बिहारी की सरकार भी दरभंगा के विकास के लिए संकल्पित थी। मोदी सरकार के दस वर्षो में ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए गए, जिससे न केवल दो तिहाई नागरिकों का जीवन स्तर ऊपर उठा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था ने भी सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए ।आज हमारे प्रधानमंत्री बोलते हैं तो पूरी दुनिया विश्वास करती है । दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने कहा कि चार मई को फील्ड छोटा पर जायेगा। किसी को कोई कठिनाई नहीं होगी। प्रशासन से लेकर कार्यकर्ता सभी मार्ग में लगे हुए हैं । कार्यकर्ता से लेकर सभी वर्ग का सहयोग मिलेगा जो विकास को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे पुनः एक बार मोदी सरकार के जयघोष दरभंगा में गूंजेगा। प्रेस वार्ता में मृत्युंजय झा, रत्नेश कुशवाहा, अंजनी निषाद,मीणा झा, सोनी पुर्वे, बालेन्दू झा, राजू तिवारी,भाजपा जिला मिडिया प्रभारी अमलेश झा आदि उपस्थित थे।

## सांसद बनते ही बलिया मोजे में एम्स का निर्माण कराऊंगा : ललित यादव



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ललित कुमार यादव ने आज जन आशिर्वाद कार्यक्रम के तहत बहादुरपुर प्रखंड के गेहुमी, शिवधारा, आजमनगर, चतरिया, सिमरा नेहालपुर, मब्बी चौक, अकोना, गनौली, मनिहारी, तेलिया पोखर बस्ती, शाहपुर, कंशी, जलवार, शोभन, चांडी, तारालाही, ओझौल, एकमीघाट, बल्लोपुर सहित दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों से सम्पर्क कर कामयाब बनाने की अपील किया। इस अवसर पर ललित यादव ने कहा कि मैं सांसद बनूँगा तो सबसे पहले बलिया मौजा में दरभंगा एम्स का निर्माण करवाउंगा।

वर्तमान सांसद ने दरभंगा एम्स निर्माण में रोड़ा अटकाने, भटकाने ,लटकाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वे काम पर विश्वास करते हैं इसलिए मैं दरभंगा ग्रामीण से लगातार छः बार से विधायक चुना गया। वहां की जनता जानती है मैं क्षेत्र से गायब रहने वाला नेता नहीं हुं। मै जीतने के बाद आपके क्षेत्र में इतनी बार आऊंगा की आप गिनती भूल जाऐंगे। दरभंगा के चौमुखी विकास और रोजगार के लिए काम करुंगा।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा ने अग्नि पीड़ितों के बीच दिया जरूरी सामग्री

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा शाखा के सदस्यों ने उत्तरी पंचायत के रतनपुरा गांव के गरही टोला में अग्नि पीड़ित मानवता सेवा के लिए पहुंचे , उन्होंने सेवा परमो धर्मः को चरितार्थ कर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा के गरिमा को ऊंचा किया । ज्ञातव्य हो की आज से तीन दिन पहले उस गांव मे खाना बनाने के क्रम मे भीषण आगजनी की घटना घटी, जिसमे नौ परिवार के घर सहित अनाज ,घरेलु समान ,कपड़ा बर्तन सभी जल के खाक हो गये । इस आगजनी की खबर से रेड क्रॉस सोसाइटी के सभी सदस्यों ने मिलजुल कर इस मानवता सेवा मे भाग लिया । कोषाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार ने गांव के मुखिया एवं गांव के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना खान से जायजा लेकर, रेड क्रॉस की पुरी टीम के साथ वहाँ पहुँच कर सेवा भाव किया और उनके दुःख दर्द को बांटा ।जिसमें डॉ राम बाबू खेतान, संयुक्त चेयरमैन डॉ बी बी शाही, सचिव मनमोहन सरावगी, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पीड़ित परिवार को त्रिपाल, बर्तन सेट, दो मच्छरदानी, स्वास्थ सम्बन्धी समान एवं घरेलु उपयोग की सामग्री देकर अग्नि पीड़ित परिवार के लोगों को सांत्वना प्रदान कर ईश्वर से उनके खुशहाली जीवन की कामना की । संयुक्त सचिव अलोक सिंह मुन्ना ने कहा की में हमेशा सतर्क रहें और एक बाल्टी पानी एवं एक बाल्टी बालू चूल्हा के पास अवश्य रखें, जिससे इतनी भीषण आगजनी को रोका जा सकता है ।इस कार्यक्रम मे संरक्षक आतम सराफ व राजेश बोहरा, मैनेजिंग कमिटी के सदस्य आशीष सराफ, रविंद्र यादव, आदर्श कुमार, मनीष कुमार सिंह ,सदस्य दिनेश यादव तथा सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार, मुखिया प्रतिनिधि हसरत खान , मुन्ना खान एवं नदीम अहमद खान ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी दी ।

## नोडल पदाधिकारी सहित कोषांग के अन्य पदाधिकारी और कर्मियों के साथ की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी ।लोकसभा आम निर्वाचन 24 के अवसर पर प्रेक्षक प्रबंधन कोषांग को दिए गए दायित्व एवं अभी तक किए गए कार्य की समीक्षा समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन के सभागार में उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रेक्षक कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सदर मोतिहारी एवं उप समाहर्ता जिला नजारत शाखा,पूर्वी चंपारण के साथ की गई। जिसमे प्रेक्षक गण के लिए प्रतिनियुक्त किए गए उनके संपर्क पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त के द्वारा अभी तक किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई और प्रेक्षक गण को जिला में हो रहे लोकसभा निर्वाचन से संबंधित सभी तरह के फोल्डर को ससमय उपलब्ध करा देने का निर्देश दिया गया। कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रेक्षक गण के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया गया है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि संपर्क पदाधिकारी प्रेक्षक गण के साथ बने रहेंगे और सभी तरह के कार्यों में सहयोग करेंगे ताकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हो।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का लिया जायजा, हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना




समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव 2024 की स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गुरुवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने पूसा प्रखंड में होने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का जायजा लिया। सर्वप्रथम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पूसा कैपस में पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं से उन्होंने मुलाकात की और उनका उत्साह वर्धन करते हुए जिलाधिकारी ने स्वयं मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। दूसरी ओर प्रखंड मुख्यालय परिसर से हरपुर महम्मदा बाजार तक सभी बीएलओ के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली निकाली गई। जिसे जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्राओं तथा शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने लोगों से भय मुक्त होकर मतदान करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि सभी नए मतदाता स्वयं भी वोट करें और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में नारी शक्ति, युवाओं एवं दिव्यांगों के लिए समर्पित बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श बूथों को अच्छी तरह से सजाया जाएगा, ताकि मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं को सुखद अनुभूति मिले। साइकिल रैली प्रखंड मुख्यालय पूसा परिसर से निकलकर विश्वविद्यालय कॉलोनी होते हुए हरपुर मोहम्मदा बाजार में जाकर समाप्त हुई। वहीं मतदान केंद्र बूथ संख्या 256 (प्राथमिक स्कूल पूसा) एंव बूथ संख्या 261 मध्य विद्यालय हरपुर-पूसा मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही वहां के मतदाताओं को विश्वास जताते हुए भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने वोटर हेल्पलाइन, सी विजिल, व केवाईसी ऐप की जानकारी दी। बताया कि वोटर हेल्पलाइन की सहायता से हम मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। एवं सी विजिल के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। गौरतलब है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने इस बार के लोकसभा चुनाव में पिछली बार हुये चुनाव से 20 प्रतिशत अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। लक्ष्य को प्राप्ति की दिशा में लगातार जिला के समस्त क्षेत्रों में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डोर-टू-डोर संपर्क कार्यक्रम युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं।

## उत्पाद विभाग ने छापेमारी में 201 बोतल विदेशी शराब किया बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



जिले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्पाद विभाग के द्वारा शराब की तस्करी व इसका कारोबार एवं इसका सेवन करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। मद्य निषेध एवं उत्पाद अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार चौधरी के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम जिला अंतर्गत देसी-विदेशी शराब का कारोबार करने वालों के ठिकानों पर छापेमारी कर उनके विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। बीते गुरुवार की रात उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर में छापेमारी कर दो अलग-अलग ब्रांडों का 201 बोतल विदेशी शराब बरामद किया है। जिसे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा जब्त कर लिया गया। वहीं इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर शराब तस्कर फरार होने में कामयाब रहा। फरार शराब तस्कर की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कुलदीप राय के पुत्र प्रमोद राय के रूप में बतायी गई है। जिसके विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन के तहत मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सवा तीन लाख का सामान लादे चोरी हुई पिकप बरामद, दो गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र के नजीरपुर गांव से सवा तीन लाख का किराने की सामान लदे पीअकप वैन को चोरी हो गई। इसके बाद सूचना पर पहुंची बेनीबाद पुलिस 36 घंटे में पटना से पीअकप वैन बरामद कर लिया। इसके साथ ही दो चोर को मौके से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ़्तार हुए चोरों की पहचान थाना क्षेत्र के पागा लक्ष्मी गांव के शंकर सहनी के 21 वर्षीय पुत्र अमित कुमार व सीतामढ़ी जिले के महेंद्रवारा थाना क्षेत्र के सिरखिरिया गांव के मनोज महतो के 26 वर्षीय पुत्र अंकीत कुमार बताया गया है। इस मामले में पीअकप वैन के मालिक वैधनाथ महतो ने बीते बुधवार को अज्ञात के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसने बताया की 29 अप्रैल की रात दरवाजे पर से अज्ञात चोरों ने किराना का सामान लदे पीअकप वैन को चुरा लिया था। थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया घटना के बाद कई जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाली गई। इसके बाद तकनीकी विभाग के मदद से बीते गुरूवार को पटना से गाड़ी बरामद कर लिया। हालंकि उस पर लोड सामान गायब थे। मौके से दो चोरों को पकड़ लिया गया जबकि इक भागने में कामयाब रहे। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## गायघाट में नहीं मिल रहा जननी सुरक्षा योजना कि लाभ

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के गायघाट प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी बाल सुरक्षा योजना के लाभ लेने के लिए प्रतिदिन सैंकड़ों लाभार्थी चक्कर लगा रहे हैं। शुक्रवार को तपती धूप में हरिपुर गांव से पहुंचे रंगीला देवी, सुशीला देवी, शिखा कुमारी, रूबी देवी, लोमा गांव के आरती कुमारी, रुकसाना खातुन, काजल कुमारी, कमरथु गांव के चांदनी देवी, सोनी देवी ने बताया वे बीते चार महीने से योजना का लाभ लेने के लिए सीएचसी का चक्कर लगा रहे हैं। लेकीन सीएचसी का एक भी पदाधिकारी सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जनवरी महीने में 261, फरवरी माह में 261, मार्च में 241, अप्रैल माह में कुल 182 माताओं ने सीएचसी में बच्चों को जन्म दिया था। इन सभी लाभार्थियों को योजना का लाभ नहीं मिल सका है। जबकि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लाभाथियों के खाते में 24 घंटे के अंदर राशि भेजने का प्रावधान है। वहीं अन्य कई गांव के सैंकड़ों परिवार नियोजन योजना के लाभार्थी सीएचसी का चक्कर लगा थक चुके हैं। लाभार्थियों का आरोप है की सीएचसी में कार्यरत एकाउंटेड हमेशा ड्यूटी से गायब रहते हैं। जिस वजह से लाभार्थी अस्पताल का चक्कर लगा वापस हो जाते हैं। स्वास्थ्य प्रबंधक भास्कर शर्मा ने बताया कि विभाग के द्वारा राशि नहीं मिलने के कारण लाभार्थियों का भुगतान लंबित है। उन्होंने बताया की लगभग साढ़े चार सौ लाभार्थियों को योजना की राशि भुगतान कराने के लिए विभाग को सूची भेजी गई है।

## पिकअप की ठोकर से बाईक सवार जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य पथ के मिजार्पुर चौक के समीप पिकअप की ठोकर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान थाना क्षेत्र के रामभद्रपुर गांव निवासी स्वर्गीय के तुला साह के पुत्र सुनील साह के रूप में हुई है। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी युवक का ईलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर करने की बात कही है। पिकअप घटनास्थल से चालक लेकर भागने में सफल रहा। वहीं थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी नीतिश चंद्र धारिया ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

सम्पादकीय

## आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में पहली कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है। उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मयार्दा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया। विपक्ष में स्थितिजन्य आक्रामकता स्वाभाविक ही होती है। सत्ता अपने व्यवहार से उसको परिमार्जित करती है। खरगे और राहुल सरकार की नीतियों की आलोचना के अधिकार के प्रयोग में सभ्यता भूलते रहे हैं। वे न केवल प्रधानमंत्री को निजी स्तर चोट पहुंचाने वाली भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग करते सुने-देखे गए हैं, बल्कि तू-तड़ाक पर भी उतर आए हैं। यह भी रिकार्ड है कि नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक आलोच्य प्रधानमंत्री हैं। अगर यही एक परिपक्व लोकतंत्र की भाषा है तो यह वाकई बेहद पीड़ादायक परिदृश्य है।

## आओ मतदाताओं आओ, कलींदा खाओ

राकेश अचल

नेताओं के हास्यास्पद बयान सुनकर अब हंसने का मन हो रहा है। खुश रहने के लिए हंसना जरूरी है, तभी तो शब्द युग्म बना है हंसी-खुशी। हंसी कभी अकेली नहीं रहती। उसे या तो हंसी चाहिए या फिर राजी। राजी-खुशी शब्द युग्म भी रजामंदी से बना लगता है। बना है या नहीं ये तो भाषाविज्ञानी जानें, हम अज्ञानी तो केवल कयास लगा सकते हैं। और कयास ही लगाते हुए पांच क्या, दस साल गुजार देते हैं कि शायद अच्छे दिन आएं, शायद बैंक खाते में पंद्रह लाख रुपए आएं। शायद मोशा सचमुच सहाय हो जाएँ! बहरहाल आज मैं नेताओं पर नहीं मतदाताओं पर लिख रहा हूँ। मतदाता भले ही पांच किलो मुफ्त अन्न पर गुजर करता हो, भले ही उसके खाते में लाड़ली लक्ष्मी या लाड़ली बहन या सीमांत किसान होने के नाते सरकार कुछ न कुछ नगद डालती हो लेकिन उसके हाथ में एक और अनमोल चीज है, जिसे आम भाषा में वोट कहते हैं। वोट शब्द भले ही अंग्रेजी का हो लेकिन वो हिंदी, उर्दू, मराठी, पंजाबी समेत तमाम भाषाओं में ऐसे घुल-मिल गया है जैसे कि दूध में मिश्री मिल जाती है। मिश्री भी धागे वाली मिश्री। लेकिन हमारा वोटर अन्नदाता न होते हुए भी दाता है। उसे सम्मान से मतदाता कहा जाता है। यानि उसके पास भी ईश्वर की तरह देने के लिए कुछ तो है! अकेले भीख का कटोरा ही उसकी पहचान नहीं है। देश में जैसे अन्नदाता फटेहाल है, पामाल है, आंदोलनरत है। लाठियां खाता है, अश्रुगैस पीता है। राह में बिछाए जाने वाले काँटों पर चलता है।

उसके लिए रेड कार्पेट कौन बिछाता है? यही हाल मतदाता का भी है। मतदाता के हिस्से में वो सब है जो अन्नदाता के हिस्से में है और किसी भी जनसेवक के हिस्से में नहीं है। दरअसल मतदाता ही अन्नदाता है और अन्नदाता ही मतदाता। दोनों को अलग-अलग नहीं किया जा सकता। कर भी दीजिये तो वो वक्त आने पर एक हो जाता है। मतदाता जब हड़ताल करके भी कामयाब नहीं होता तो उदासीन हो जाता है। दान करना भूल जाता है। इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए मतदान चल रहा है। दो चरण पूरे हो गए हैं, लेकिन देश के मतदाताओं ने नेताओं को निराश कर दिया है कम मतदान करके। नेताओं और सरकार को खुश करने कि लिए केंचुआ ने बड़ी कस-बल लगाकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया है। लेकिन कैसे बढ़ाया है ये केंचुआ जानता है या उसकी मशीनें। बात हो रही थी कि मतदाता आखिर अपने मत का (वोट का) दान करने को लेकर इतना उदासीन क्यों है जबकि उसके लिए हमारी राष्ट्रवादी सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है। यहां तक कि उसने संसद को भी ध्वनिमत से चलकर दिखा दिया। मंदिर बना दिया, प्राण -प्रतिष्ठा करा दी। फोकट में अन्न दे दिया। अब क्या सरकार की जान लेना चाहता है मतदाता?

कम मतदान से सब परेशान है। सबसे ज्यादा सत्तारूढ़ दल और मोशे की जोड़ी परेशान है। अपनी पार्टी के पार्षदों, विधायकों और मंत्रियों तथा मुख्यमंत्रियों तक को धमका रही है कि यदि तीसरे चरण में मतदान का प्रतिशत न बढ़ा तो उनकी खैर नहीं। कम मतदान को लेकर गनीमत है कि मोशा की जोड़ी ने फिलवक्त मतदाताओं के कान नहीं खींचे। वरना इस जोड़ी का क्या भरोसा! मतदान न करने पर मतदाताओं की उठ्ठक-बैठक करा दे। मतदान का प्रतिशत बढ़वाने के लिए केंचुए ने कितना पैसा पानी की तरह बहाया? जिलों का प्रशासन क्या-क्या ठठकर्म नहीं कर रहा? बस किराये में छूट, रस्सा खींच प्रतियोगिता, चिड़ियाघरों में आधे दाम पर प्रवेश, रैलियां, शपथग्रहण समारोह। सब तो हो रहा है लेकिन मतदाता है कि जागने के लिए तैयार नहीं है जबकि मतदाता को चाहिए कि वो मुक्तहस्त से मतदान करे। मेरा सुझाव तो ये है कि केंचुआ को आदर्श आचार संहिता को बलाए ताक रखकर मौसम को देखते हुए राजनीतक दलों को ये छूट देना चाहिए कि वे मतदाताओं को घर से बूथ तक लाने-ले जाने के लिए वातानुकूलित वाहन उपलब्ध करा सके। मतदाताओं को कलींदा, आइसक्रीम खिला सकें। बाल-बच्चों को मुफ्त अन्न की तरह मुफ्त टाफियां बाँट सकें। सरकार चाहे तो मतदान को आधार कार्ड से भी लिंक करा सकती है और शर्त लगा सकती है कि जो बन्दा मतदान नहीं करेगा उसे कोई भी सरकारी सहायता नहीं मिलेगी। न फ्री का राशन, न किसी लाड़ली बहना या लक्ष्मी को फ्री का वायना। आप मानें या न माने देश के मतदाता को फ्री -फंड यानि मुफ्तखोरी की लत लग चुकी है। मतदाता सब कुछ फ्री में चाहता है। बिजली फिर, राशन फ्री, शिक्षा फ्री, घर फ्री। यहना तक की मंगलसूत्र और उसे पहनने वाली भी फ्री। आखिर सरकार ये अब कैसे करे। कर भी दे तो सर्वोच्च न्यायालय का क्या भरोसा कि वो इस फ्रीविज को भी इलेक्टोरल बांड की तरह असंवैधानिक घोषित नहीं करेगी!

मेरा देश के मतदाताओं से अनुरोध है कि वे उदासीनता त्यागें और झूरकर मतदान करें, यानि शेष पांच भाँवरें ऐसी डालें कि मजा आ जाये। मतदाताओं को ये धारणा भी तोड़ना चाहिए कि अधिक मतदान से ही सत्ता पक्ष को लाभ होता है। या सरकार बरकरार रहती है। ये मिथक है या हकीकत ये तभी पता चलेगा जब अधिक मतदान से देश में सत्ता परिवर्तन हो। परिवर्तन ही प्रगति का आधार है। अब मान लीजिये कि यदि मौसम न बदले तो क्या हो? इसीलिए यदि एक सरकार दस साल बाद भी न बदले तो क्या होगा, इसकी कल्पना भी मतदाता को करना चाहिए। हमारे बुजुर्ग कहते थे कि रोटी हो या घोड़े की जीन हमेशा बदलते रहना चाहिए अन्यथा तकलीफ हो सकती है। तो आइये कि इससे पहले की सरकार आपको सूली पर लटकाये या आपके पीछे भी ईडी, सीबीआई या पुलिस भेजे, आप घर से निकलिए और जमकर मतदान कीजिये। अपनी पसंद के प्रत्याशी को, पार्टी को वोट दीजिये और यदि कोई मनमाफिक न हो तो नोटा का बटन दबाइये, लेकिन घर से निकलिए, अन्यथा लोकतंत्र का नुक्सान होगा। आपको भविष्य में जली हुई रोटी खाना ही लिखा हो तो बात और है?

# हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागतयोग्य फैसला

**आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी। हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी ह्यगाने और डांसह्न, ह्यशराब पीने और खानेह्न का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा।**





**ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी ह्यगाने और डांसह्न, ह्यशराब पीने और खानेह्न का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है।

कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।

प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है।

हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = विवाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है - विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रूव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक सम्बंध से अधिक आत्मिक सम्बंध होता है और इस सम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है।

हिन्दू विवाह का न केवल पारिवारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, बल्कि उसका गहन आध्यात्मिक महत्व भी है। हिंदू धर्म ने चार पुरुषार्थ (जीवन की चार बुनियादी खोज), यानी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष निर्धारित किया है। विवाह संस्कार का उद्देश्य काम के पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे मोक्ष की

# तालमेल और सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता

**किसान की गाढ़ी कमाई पर पानी फिर रहा है, अधिकारी नम माल लेने से मना कर रहे हैं। मंडियों में अव्यवस्था के कारण किसान का सब्र टूट रहा है और कुछ जगहों पर किसानों ने अपना रोष भी प्रकट किया है। अनेक मंडियों में उठान की स्थिति खराब है, शेड में, बाहर सड़क पर माल पड़ा है, टोकन काटने की व्यवस्था ठीक नहीं है। कभी–कभी मंडी के आगे मीलों लंबी लाइन लग जाती है, रात रात भर किसान को जागकर अपने माल की सुरक्षा करनी पड़ती है। मूलभूत सुविधाओं जैसे पीने का स्वच्छ पानी, शौचालय और साफ–सफाई का अभाव है। मंडी को जाने वाली सड़कों में गड्ढे, अवैध रूप से खड़े वाहन और आवारा पशु, जगह–जगह जाम की समस्या से किसानों को जूझना पड़ता है। कुछ मंडियों में कंप्यूटर ऑपरेटर और स्टाफ की कमी है तो कुछ में तौल के लिए कांटे की व्यवस्था भी समय पर नहीं हो पाई। आवश्यक मात्रा में बारदानों (कट्टों) का अभाव भी परेशानी का कारण बन जाता है। यद्यपि सभी मंडियों में ऐसी अव्यवस्था नहीं है किंतु काफी संख्या में ऐसे मंडी है जहां व्यवस्था सुधार की एवं मंडी प्रबंधकों और सरकारी विभाग के बीच तालमेल और सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि किसान आसानी से अपनी फसल बेच सकें। अनाज की खरीद के सीजन में मंडियों से जो रिपोर्ट आ रही हैं वे चिंताजनक हैं। चरखी दादरी में पहले ही दिन मंडी में हजारों किसान फसल लेकर पहुंचे, लंबी लाइन लग गई, किसानों के वाहन घंटों जाम में फंसे रहे**





**प्रो. लल्लन प्रसाद**
**(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं**

गेहूं और सरसों की फैसल तैयार है, मंडियों में खरीदारी शुरू हो गई है। कुछ मंडियों में सुचारू रूप से खरीदारी हो रही है किंतु ऐसी बहुत सी मंडियां हैं, जहां किसानों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। कहीं बारिश और ओले के कारण खेत में अनाज गीला हो गया है तो कहीं मंडी में खुले आसमान के नीचे। किसान की गाढ़ी कमाई पर पानी फिर रहा है, अधिकारी नम माल लेने से मना कर रहे हैं। मंडियों में अव्यवस्था के कारण किसान का सब्र टूट रहा है और कुछ जगहों पर किसानों ने अपना रोष भी प्रकट किया है। अनेक मंडियों में उठान की स्थिति खराब है, शेड में, बाहर सड़क पर माल पड़ा है, टोकन काटने की व्यवस्था ठीक नहीं है। कभी-कभी मंडी के आगे मीलों लंबी लाइन लग जाती है, रात रात भर किसान को जागकर अपने माल की सुरक्षा करनी पड़ती है। मूलभूत सुविधाओं जैसे पीने का स्वच्छ पानी, शौचालय और साफ-सफाई का अभाव है। मंडी को जाने वाली सड़कों में गड्ढे, अवैध रूप से खड़े वाहन और आवारा पशु, जगह-जगह जाम की समस्या से किसानों को जूझना पड़ता है। कुछ मंडियों में कंप्यूटर ऑपरेटर और स्टाफ की कमी है तो कुछ में तौल के लिए कांटे की व्यवस्था भी समय पर नहीं हो पाई। आवश्यक मात्रा में बारदानों (कट्टों) का अभाव भी परेशानी का कारण बन जाता है। यद्यपि सभी मंडियों में ऐसी अव्यवस्था नहीं है किंतु काफी संख्या में ऐसे मंडी है जहां व्यवस्था सुधार की एवं मंडी प्रबंधकों और सरकारी विभाग के बीच तालमेल और सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि किसान आसानी से अपनी फसल बेच सकें। अनाज की खरीद के सीजन में मंडियों से जो रिपोर्ट आ रही हैं वे चिंताजनक हैं। चरखी दादरी में पहले ही दिन मंडी में हजारों किसान फसल लेकर पहुंचे, लंबी लाइन लग गई, किसानों के वाहन घंटों जाम में फंसे रहे, पुलिस और प्रशासन को स्थिति संभालने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। बैकडोर से टोकन लेने और व्यापारियों के वाहनों को बैकडोर से एंट्री देने के आरोप लगे। रोहतक की एक मंडी में किसानों को मजबूरी में अपनी फसल प्राइवेट कंपनियों को बेचने के आरोप लगे। ओला और बे मौसम बारिश की वजह से वहां फसल खराब हुई, अधिकारी फसल में नमी के कारण खरीद नहीं कर रहे थे। सोनीपत के गन्नौर में मंडी सेक्रेटरी और अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों को जो नुकसान हुआ उससे उनमें जबरदस्त रोष था, मंडी पर उन्होंने ताला लगा दिया। पोर्टल पर फसल रजिस्ट्रेशन करवाने में भी धांधली के आरोप लगे। जहां किसान की 5 से 6 एकड़ का रजिस्ट्रेशन था वहां अधिकारी 1 से 2 एकड़ का माल ही खरीद रहे थे। भिवानी की एक मंडी में हजारों क्विंटल सरसों खरीद के बाद कट्टों में पड़ी बारिश में भीग गई, बचाव का कोई इंतजाम नहीं था। पूरी मंडी पानी से तरबतर थी, फसल की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ा जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। मौसम खराब होने की आशंका से किसानों ने भारी मजदूरी देकर समय से फसल कटवा दिया था और अब जब फसल लेकर मंडी पहुंचे तो वहां मौसम की मार झेलनी पड़ी। सरसों का रंग भूरा हो गया और उसकी गुणवत्ता कम हो गई। सिरसा की मंडी में उठान की स्थिति बेहद खराब रिपोर्ट की गई। उठान के लिए एजेंसियों का चुनाव समय से नहीं हुआ।

गेहूं की आवक एकाएक बढ़ जाने से अधिकारियों के हाथ पैर फूलने लगे, टोकन काटने के लिए पर्याप्त मात्रा में कर्मचारी नहीं थे, ना ही पूरे कंप्यूटर ऑपरेटर। नियमानुसार फसल उठान ट्रकों द्वारा किया जाना चाहिए किंतु एजेंसी ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा करा रही है जो सस्ती पड़ती है। यह तब हो रहा है जब ट्रैक्टर के कमर्शियल उपयोग पर रोक लगी हुई है। पंजाब की मंडियों में फसल पहुंच रही है, लेकिन खरीद का पुख्ता इंतजाम बहुत कम मंडियों में है। मेरी फसल मेरा ब्योराइ के तहत प्रदेश के 9.25 लाख किसानों ने फसल बेचने के लिए 6.45 लाख एकड़ का पंजीकरण कराया। आरोप लगाया जा रहा है कि 10. 40 एकड़ रकबा ऐसा है, जिसका डेटा मिसमैच कर रहा है। मध्य प्रदेश के कई मंडियों में समय से उठान न होने से आवारा पशुओं से अनाज की रक्षा के लिए किसान रात रात भर जाकर अपने फसल की रक्षा करते हैं। अवैध रूप से ट्रक खड़े रहते हैं, मंडी को जोडे वाली सड़कों में गड्ढे, सफाई की कमी और मंडी में अतिक्रमण जैसी अव्यवस्था से किसान जूझ रहे हैं। देश के लगभग सभी प्रदेशों में मंडियों की व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। पिछले वर्ष इन्हीं दिनों दिल्ली की नरेला मंडी, जो एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी है, उसमें करोड़ों रु पए का अनाज भीग गया था, बारिश से बचाव का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था। मंडियों में व्यवस्था के खिलाफ आढ़तियों की अपनी शिकायतें हैं। उनका मानना है कि उन्हें जो आढ़त मिलती है वह कम हैं, उनके खर्चे पूरे नहीं होते, उसमें बढ़ोतरी होनी चाहिए। मंडी के श्रमिकों के पारिश्रमिक के बारे में भी सरकार को विचार करना चाहिए खाद्य पदाथरे और जीवन की आवश्यकता की वस्तुओं की कीमतें दिनों-दिन बढ़ रही है श्रमिकों की मजदूरी भी बढ़ाई जानी चाहिए। किसानों को मंडी में अपनी मेहनत का पूरा पैसा मिले इसके लिए आवश्यक है कि निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दर पर खरीद ना की जाए। जहां अनाज में नमी उनकी गलती से ना हो उसके लिए उन्हें क्यों दंडित किया जाए? मंडियों में मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, खाने पीने की व्यवस्था और किसानों के रुकने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। मंडियों से जुड़ी सड़कों को पक्की किया जाना चाहिए जहां अभी ऐसा नहीं है। खरीद के सीजन में जाम न लगे इसकी व्यवस्था भी स्थानीय प्रशासन को पहले से ही करना चाहिए।

# कोविशील्डः जो शक था वो कमोबेश सहीं साबित हुआ

मुस्ताअली बोहरा–

आखिरकार, जो शक था वो कमोबेश सहीं साबित हुआ। कोरोनाकाल और वैक्सीनेशन के बाद से अचानक बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों ने पहले ही शक की सुई वैक्सीन के साईड इफेक्ट की ओर घुमा दी थी। और अब ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश अदालत के सामने माना है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन कुछ दुर्लभ मामलों में रक्त के थक्के का कारण बन सकती है। प्लेटलेट काउंट भी इससे घट सकता है। मालूम हो कि एस्ट्राजेनेका ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर इस वैक्सीन को डेवलप किया था। वहीं भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने इसे बनाया था। एस्ट्राजेनेका की कोविड-19 वैक्सीन, जिसे भारत में कोविशील्ड और वैक्सजेवरिया के नाम से जाना जाता है। भारत में कोवैक्सिन और कोविशील्ड दो टीके प्रमुख तौर पर लगे थे। अब, लोकसभा चुनाव के बीच हुए इस खुलासे ने भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वो इसलिए भी क्योंकि कोरोना काल में वैक्सीनेशन को दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान बताकर प्रचारित किया गया था। कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड के साइड इफेक्ट को लेकर एस्ट्राजेनिका की स्वीकारोक्ति को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सतर्क हो गया है। वहीं इस मामले में सियासत शुरू हो गई है। लोस चुनाव से पहले कोरोना वैक्सीन को प्रचारित करते हुए भाजपा नेता वोट देने की अपील कर रहे थे और अब इन्हीं नेताओं को सफाई देनी पड़ रही है। विपक्ष इस मामले में मुखर हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा है कि कोरोना वैक्सीन को लेकर जो बात उन्होंने पहले कही थी वही एक्सपर्ट लोगों ने कही और अब अदालत ने भी कह दिया। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा ने आपदा में अवसर तलाशते हुए वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी चंदा वसूल लिया। दूसरी तरफ, कोविशील्ड के इस तथ्य के सामने आने के बाद कोरोना वैक्सीन के साइड इफेक्ट की दो स्तरों पर निगरानी की जा रही है, लेकिन इनमें खून के थक्के जमने वाली दुर्लभ बीमारी थ्रोंबोसिस विथ थ्रोंबोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के गंभीर मामले सामने नहीं आए हैं। गौरतलब है कि टीटीएस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम एक ऐसी बीमारी है, जिसमें प्लेटलेट कम होने लगता है साथ ही इसका असर मरीज के दिमाग या अन्य अंगों पड़ने लगता है, जिससे की ब्लड क्लॉटिंग होने लगती है। बता दें कि यह एक दुर्लभ बीमारी है, जो वैक्सीन के बाद और अन्य कारणों से भी हो सकती है। राष्ट्रीय आईएमए सीओवीआईडी टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष डॉ राजीव जयदेवन का कहना है कि कोवीशील्ड ने कोरोना वायरस से होने वाली कई मौतों को रोका है लेकिन वैक्सीन लेने के बाद कई लोगों ने इसके साइड इफेक्ट्स की भी शिकायतें की थी।

सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा बनाए गए कोविशील्ड टीका लोगों को लगाया गया था। दरअसल कोविशील्ड के साइड इफेक्ट को लेकर अदालत में चल रहे केस के जवाब में इसे विकसित करने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया कि कुछ मामलों में टीटीएस के लक्षण दिखे हैं। वहीं, भारत में कोरोना वैक्सीन के साइड इफेक्ट की निगरानी दो स्तरों पर की जा रही है। एक तरफ आइसीएमआर के विशेषज्ञों की टीम इसका अध्ययन करती है, तो दूसरी ओर चिकित्सा सेवाओं का महानिदेशालय (डीजीएचएस) भी जमीनी स्तर पर इसकी निगरानी करता है। डीजीएचएस की देश भर में शाखाएं हैं। आइसीएमआर और डीजीएचएस दोनों में से किसी ने भी अभी तक किसी भी कोरोना वैक्सीन के गंभीर साइड इफेक्ट के गंभीर मामलों की रिपोर्ट नहीं दी है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 04 मई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### घर में हुई चोरी

एकमा। मांझी प्रखण्ड के खानपुर गाँव में अपराधियों का आतंक अब चरम पर है। कल आधी रात को बारह बजे छह सात अपराध कर्मी एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व प्रभारी चिकित्सक डॉ संजीव रंजन के चाचा एवं जेपी सेनानी साहित्यकार अविनाश नागदंश के घर में अहाते का पिछला गेट खोलकर एवं घर का पिछला दरवाजा तोड़ कर घर में आज ही खलिहान से आये गेहूं एवं अरहर के बोरों को चुराने की नियत से घुस गये। आवाज सुन कर जब श्री नागदंश ने शोर मचाया तो ग्रामणों को आते देख लोगों को अपराधी जान से मारने की धमकियाँ देते हुए भाग गए। सूचना पाकर मांझी थाने का गश्ती दल अविलंब पहुंचा किन्तु तबतक अपराधी भाग चुके थे।

### पकड़ा गया गया अपराधी

छपरा। छपरा सदर अस्पताल में सात माह पहले हुई चाकू बाजी की घटना की पुनः पुनरावृति हुई है, लेकिन इस बार चाकू मार कर भाग रहे बदमाश को अस्पताल में मौजूद पुलिस ने पकड़ लिया है. जिसके पास से चाकू भी बरामद कर लिया गया है. कोपा पुलिस उसे पकड़ कर ले गई है. इस घटना की शुरूआत जिले के कोपा थाना अंतर्गत साधपुर बली गांव में हुई, जहां दीवार में खिड़की खोलने को लेकर मारपीट के बाद जख्मी महिला-पुरुष उपचार के लिए छपरा सदर अस्पताल पहुंचे तो दबंगों ने सदर अस्पताल पहुंचकर उनके ऊपर चाकू से हमला बोल दिया और उनके उपचार का पर्ची भी फाड़ने लगा. जिसके बाद इमरजेंसी वार्ड में मौजूद पुलिस ने उस बदमाश को रंगे हाथ पकड़ लिया, जिसके पास से चाकू भी बरामद कर ली गई है. गिरफ्तार युवक जिले के कोपा थाना क्षेत्र के साधपुर बली गांव निवासी स्वर्गीय गोरख राय का पुत्र केशु यादव बताया गया है. वहीं चाकू लगने से जख्मी क्षेत्र के साथ के पुत्र कृष्ण एवं राजेंद्र साह की पत्नी देवंती देवी का उपचार इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है. उपचार के दौरान जख्मी ने बताया कि केशु यादव अपने घर की दीवार तोड़कर उसमें उनके घर की तरफ खिड़की निकाल रहा था. जिसका विरोध करने पर उसके द्वारा उनके साथ लाठी-डंडे से मारपीट की गई. जिसके बाद वे लोग उपचार के लिए छपरा सदर अस्पताल पहुंचे जहां केशु इमरजेंसी वार्ड में चाकू से उनके ऊपर हमला कर दिया. जिसे अस्पताल में मौजूद पुलिस ने पकड़ लिया है. इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी है

### अपराधियों ने गोली मारकर हत्या किया

छपरा : शहर में अपराधियों ने दिन दहाड़े एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दिया। सूचना प्राप्त होते हीं भगवान बाजार थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। प्राप्त सूचना के आधार पर भगवान बाजार थाना क्षेत्र के लल्लू मोड़ निवासी बृज बिहारी प्रसाद श्रीवास्तव के पुत्र ओम प्रकाश श्रीवास्तव की हत्या उनके घर के पास हीं अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले को संभाला। तत्पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल ले गये। पुलिस ने हत्या को लेकर प्राथमिकी दर्ज करते हुये अपराधियों की तलाश तेज कर दिया।

### गोली मारकर आई टी आई संचालक की हत्या

छपरा। छपरा शहर से इस समय बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां बेखौफ अपराधियों ने आईटीआई संचालक की भगवान बाजार थाना रोड में घर के समीप ही गोली मारकर हत्या कर दी दी है. अपराधियों में इस वारदात को अंजाम भगवान बाजार थाना से महज 500 कदम की दूरी पर दिया है. मृत व्यक्ति की पहचान छपरा शहर के भगवान बाजार थाना अंतर्गत भगवान बाजार लल्लू मोड़ निवासी वृजबिहारी श्रीवास्तव के पुत्र ओमप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ टिंकू के रूप में की गई है. जो कि अपने आवासीय परिसर में ही गणपति आईटीआई का संचालन करते थे. इस घटना के संबंध में बताया बताया जा रहा है कि वह घर के समीप टहल रहे थे. उसी बीच बाइक से कुछ युवक पहुंचे और उनसे बात करते-करते हुए टहलते लल्लू मोड़ पर पहुंचे और जहां उनके पीठ में गन सटाकर गोली मारी गई है. जो कि उनके सीने को चीरती हुई आरपार हो चुकी है. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया. वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची 112 डायल और भगवान बाजार थाना पुलिस ने उन्हें छपरा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया. जैसे ही इस घटना की जानकारी परिवार वालों को हुई पूरे परिवार में कोहराम मच गया. फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजी है, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है. इस मामले में मृतक के छोटे भाई मुन्ना ने बताया कि वह घर में थे. उसके भैया टहलने के लिए निकले थे अपराधियों के द्वारा गोली मार कर हत्या की गई है. फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है

# जन्मजात दिल में छेद वाले 6 बच्चे इलाज के लिए गए अहमदाबाद

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का होता है निःशुल्क इलाज : सीएस





प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम ).राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत हृदय रोग जैसे गंभीर बीमारी से पीड़ित जिले के 6 बच्चे को बेहतर इलाज के लिए सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे की मौजूदगी में एम्बुलेंस से पटना रवाना किया गया। वहां से ये बच्चे अपने अभिभावकों के साथ हवाई जहाज से अहमदाबाद रवाना किए जाएंगे। जहां इनकी हृदय में छेद के कारण सर्जरी कराई जाएगी। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ दुबे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्र पर ऐसे बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद ऐसे गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों की पहचान करते हुए उन्हें विशेष इलाज की सुविधा हेतु एम्बुलेंस से पटना रेफर किया जाता है। उसके बाद गंभीर हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद उनके अभिभावक के साथ भेजा जाता है, जहां रहने, खाने,इलाज की सभी व्यवस्था के साथ ही हवाई जहाज के टिकट की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के जिला समन्वयक रंजन कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले के नरकटियागंज प्रखंड के असरफ खान, उम्र 17.10 वर्ष, अनाबिया अमन, बगहा 3.1वर्ष, राजू कुमार, मझौलिया 6.10 वर्ष, गुनगुन कुमारी, योगापट्टी 11. 7 वर्ष, प्रिया कुमारी मझौलीया 17.1वर्ष, कन्हैया कुमार गौनाहा, 17.3 वर्ष के बच्चे जो जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित थे इन्हे आज जिला स्वास्थ्य समिति बुलाकर एम्बुलेंस से पटना भेजा गया है। जहां से हवाई यात्रा के माध्यम से श्री सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद भेजा जाएगा। ताकि उन लोगों की दिल में छेद वाली बीमारी से निजात दिलाया जा सके।

**कैंप लगाकर की जाती है बच्चों की स्क्रीनिंग :**

डीपीएम अमित अचल ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत 43 प्रकार की बीमारियों की जांच चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों व अन्य स्थानों पर कैंप लगाकर समय-समय पर की जाती है। जांच के दौरान कुछ बच्चों में हृदय रोग से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर उन्हें जिले के अस्पताल में स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को उनके माता-पिता और जरूरी कागजातों के साथ निःशुल्क एम्बुलेंस पटना और उसके बाद विमान से श्री सत्य साइ हॉस्पिटल, अहमदाबाद भेजा जाता है। उन्होंने बच्चों के अभिभावक से अपील करते हुए कहा की ऐसे बच्चों की जानकारी होने पर सरकारी अस्पताल या जिला स्वास्थ्य समिति के जिला समन्वयक रंजन कुमार से सम्पर्क करें। इस मौके पर सीएस डॉ श्रीकांत दुबे, डीपीएम अमित अचल, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला महामारी पदाधिकारी डॉ आर एस मुन्ना, जिला समन्वयक डॉ रंजन कुमार मिश्रा, डीसीएम राजेश कुमार व जिला स्वास्थ्य समिति के अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के बैनर तले हुआ निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता



● मैक्सफोर्ट वर्ल्ड स्कूल साढ़वारा लौवा में निबंध एवम पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर। रेड क्रॉस सोसाइटी सारण के द्वारा आयोजित रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले निबंध एवम पेंटिंग प्रतियोगिता में इसुआपुर प्रखंड अंतर्गत मैक्सफोर्ट वर्ल्ड स्कूल साढ़वारा लौवा में निबंध एवम पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय स्तर से दोनो प्रतियोगिता यथा निबंध एवम पेंटिंग में प्रथम,द्वितीय और तृतीय का चयन कर रेड क्रॉस सोसायटी जिला इकाई को सुपुर्द किया गया है।जिला स्तर पे इन बच्चो को 8 मई रेड क्रॉस दिवस के अवसर पे रामकृष्ण मिशन आश्रम के सभागार से सम्मानित किया जायेगा।विद्यालय के निदेशक संदीप पाण्डेय ने बताया कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण परिवेश के बच्चों में एक नया ऊर्जा का संचार करेगा।वही विद्यालय की प्राचार्या रूबी पाण्डेय ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी की ये पहल से बच्चों के अंदर एक क्रियात्मक कार्यों के साथ मानसिक विकास में काफी सहायता मिलेगी।

# नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ेंगें जेपी यूनिवर्सिटी के छात्र : कुलपति



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जयप्रकाश विश्ववविद्यालय और क्षेत्रान्तर्गत माहाविद्यालयों के सभी छात्र-छात्राओं को 15 दिनों के अंदर नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी से जोड़ दिया जाएगा। इससे जयप्रकाश विश्ववविद्यालय के छात्र देश के बड़े-बड़े पुस्तकालयों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ जाएंगे और वहां उपलब्ध पुस्तकों का वर्चुअल अध्ययन कर सकेंगे। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने शुक्रवार को नंदलाल सिंह कॉलेज, दाउदपुर के औचक निरीक्षण के दौरान यह घोषणा की। कुलपति महोदय ने महाविद्यालय में घूम-घूमकर वहां के संसाधनों और आधारभूत संरचना का जायजा लिया। कुलपति महोदय ने कहा कि नंदलाल सिंह महाविद्यालय में काफी संसाधन और आधारभूत संरचना है जिसका लाभ नैक मूल्यांकन के दौरान कॉलेज को होगा। उन्होंने कहा कि यहां इतने संसाधन उपलब्ध हैं जिनकी बदौलत महाविद्यालय को नैक से ग्रेड ह्यएह्न का मूल्यांकन प्राप्त हो सकता है। नंदलाल सिंह कॉलेज में 13 वर्गकक्ष, 4 बड़े हॉल तथा 9 छोटे-छोटे हॉल उपलब्ध हैं। साथ ही आम के बड़े-बड़े फलदार वृक्ष भी हैं। कुलपति महोदय ने निर्देश दिया कि यहां फूड प्रोसेसिंग से संबंधित पाठ्यक्रम चलाए जाएं तथा इससे संबंधित अन्य लाभकारी कार्य किए जाएं। महाविद्यालय में प्राचार्य सहित 14 प्राध्यापक तथा 7 अतिथि प्राध्यापक हैं। माननीय कुलपति ने कहा कि छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ा जाना चाहिए तथा जिन महाविद्यालयों में संसाधन उपलब्ध हों ऐसे माहाविद्यालयों में प्रोफेशनल कोर्स प्रारंभ किए जाने चाहिए। इससे पहले माननीय कुलपति महोदय ने नंदलाल सिंह कॉलेज के वर्गकक्षों, पुस्तकालय और प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रयोगशाला और पुस्तकालय को और सुदृढ करने तथा कक्षाओं में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश प्राचार्य डॉ केपी श्रीवास्तव को दिया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिश्चंद और विश्ववविद्यालय के इंजीनियर प्रमोद कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करने हेतु रंगोली, मेंहदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह )। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में जिले के शत-प्रतिशत मतदाता अपने-अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, इस हेतु स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निरंतर कराया जा रहा है। मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने हेतु जागरूक करने में सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थाओं द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को संत कोलंबस स्कूल, बेतिया में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली, मेंहदी और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित आकर्षक रंगोली, पेंटिंग बनाएं और हाथों पर जागरूकता से संबंधित मेंहदी को सजाया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभागअलका सहाय, जिला स्वीप कोषांग की सदस्या मेरी एडलीन सहित स्वीप कोषांग के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# एनजीओ वर्ल्ड विजन के तहत रोगियों का हुआ निःशुल्क इलाज

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के सहवां गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में वर्ल्ड विजन के तहत सी 19 रिस्पांस मेकैनिज्म 19 प्रोजेक्ट के अंतर्गत शुक्रवार को कैंप के माध्यम से टीबी के साथ सैकड़ों जेनरल रोगियों का निःशुल्क इलाज किया गया तथा दवाईयां दी गईं। कैंप में खासकर टीबी की जांच, चेस्ट एक्स-रे, बीपी, शुगर तथा टीबी स्क्रीनिंग, पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से एक्सरे किया गया। वहीं मरीज को उचित सलाह के साथ-साथ जरूरत के अनुसार मुफ्त दवाइयां कैल्शियम तथा आयरन की गोलियां दी गईं। जांच के क्रम में टीबी के तीन पॉजिटिव केस पाए गए। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तूलिका कुमारी, बीएचएम नवाब अख्तर जिलानी, स्वास्थ्य प्रशिक्षक अनिल कुमार, डॉ राजीव कुमार,सीएचओ राहुल बेनीवाल, तबरेज आलम,एसटीएस वेंकटेश, फार्मासिस्ट शैलेश कुमार,एलटी एकता कुमारी, पोर्टेबल एक्स-रे ऑपरेटर आयुष्मान,एएनएम सीमा कुमारी, अंजना कुमारी तथा आशा फैसिलिटेटर एवं आशा कार्यकर्ता मुख्य रूप से थे।

# चार अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन



प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत नामांकन के चौथे दिन 2-पश्चिम चम्पारण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन हेतु निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय के कक्ष में अभ्यर्थी संजय कुमार (वीरो के वीर इंडियन पार्टी) द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। इसके साथ ही 1-वाल्मीकिनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन हेतु निवार्ची पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह के कक्ष में अभ्यर्थी निवर्तमान सांसद सुनील कुमार (जनता दल (यूनाइटेड), देवानंद शुक्ल उर्फ दयानन्द शुक्ल (गुजरात सर्व समाज पार्टी, (स्वतंत्र) एवं सफी मोहम्मद मियां (आजाद समाज पार्टी,कांशीराम) द्वारा नामांकन दाखिल किया.शुक्रवार को कुल-04 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

# योगियां और घुरापाली हाईस्कूल के छात्र -शिक्षक गीत गा मतदान बढ़ाने की कर रहे अपील



प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर। मतदाताओं से वोट बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग के साथ बिहार सरकार के शिक्षक छात्र भी आगे आ रहे हैं।इसी कड़ी में एक वुडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें रसूलपुर थाना क्षेत्र के रामनंदन हाईस्कूल योगियां व केडी हाईस्कूल घुरापाली के संगीत शिक्षकों व छात्राओं ने मिलकर सारण का प्रसिद्ध बटोहिया गीत की थीम पर आधारित मतदाता जागरुकता गीत प्रस्तुत किया है।केडी हाईस्कूल के संगीत शिक्षक व जाने माने तबलावादक अजय पांडेय के निर्देशन में गीत को तैयार किया गया है। प्रधानाचार्य लालबाबू यादव के नेतृत्व में शिक्षक व लोकगायक रामेश्वर गोप, संगीत शिक्षिका अर्चना मिश्रा व राजेश प्रसाद ,शिक्षिका कामिनी,नेहा,सुनैना व स्कूल की छात्राओं ने मिलकर गायन किया है।गीत के बोल चाहे पड़े केतनो गरमी ...वोट देबे जईह तू जरूर ए मतदाता भैया को गायक गोप ने खुद लिखा है।प्रधानाचार्य ने बताया कि मतदाता जागरुकता गायन में शिक्षक आसिफ इकबाल, प्रिंस,राकेश तिवारी ,उमेश पांडेय, कपुर्री ,अतूल कुमार ,रात्रि प्रहरी शिवकुमार,विकास लेखपाल दिनेश दूबे ने अहम भूमिका निभाई और कलाकारों की हौंसलाअफजाई की।

# आगामी 06 जुलाई से श्री नारद बाबा के आश्रम पर सहस्त्रचण्डी महायज्ञ का होगा आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता



तरैया, (सारण)। प्रखंड के नारायणी नदी के तट पर स्थित संत शिरोमणि श्री नारद बाबा के आश्रम जिमदहा में नवनिर्मित श्री मां दुर्गा भगवती की भव्य मंदिर बनकर तैयार हैं। मां दुर्गा भगवती की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी 6 जुलाई से 15 जुलाई तक यज्ञाध्यक्ष एवं यज्ञ संरक्षक संत शिरोमणि श्री नारद बाबा जी महाराज के नेतृत्व में नवदिवसीय श्री सहस्त्रचण्डी महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार को समिति का गठन किया गया एवं समिति में शामिल सदस्यों को यज्ञ के सफल आयोजन के लिए जिम्मेवारिया दी गई। इस यज्ञ में यज्ञाचार्य श्री बुद्धि सागर मिश्र जी वाराणसी काशी के द्वारा विधिवत यज्ञ का पूजा-पाठ एवं हवन संपन्न कराई जाएगी। श्री सहस्त्रचण्डी महायज्ञ को लेकर संत शिरोमणि श्री नारद बाबा जी महाराज ने बताया कि सनातन धर्म में पूजा-पाठ, उपवास और धार्मिक अनुष्ठान का विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि धार्मिक अनुष्ठान करते समय देवी-देवताओं की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में चल रही कई तरह की बाधाएं खत्म हो जाती हैं। हिंदू धर्म में अलग-अलग प्रयोजनों के लिए विशेष पूजा-पाठ की जाती है। श्री सहस्त्रचण्डी महायज्ञ हर कोई ब्राह्मण या आचार्य नहीं कर सकता हैं। इसके लिए दुर्गा सप्तशती का पाठ करने वाले व मां दुर्गा के अनन्य भक्त जो पूरे नियम का पालन करता हो ऐसा कोई विद्वान एवं परंपरागत आचार्य ही श्री सहस्त्रचण्डी महायज्ञ का विधिवत पाठ व पूजा करते है। इस यज्ञ में छपरा, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, वैशाली, मोतिहारी, चम्पारण, आरा, पटना समेत अन्य जिलों के श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पंकज बाबा, जिला पार्षद हरिशंकर सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, पैक्स अध्यक्ष प्रत्यूष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह, समाजसेवी ओम प्रकाश सिंह, देव कुमार सिंह, सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, मंटू सिंह, मीडिया प्रभारी रंजन श्रीवास्तव, नीरज सिंह, कपूर सिंह, छोटू जी, ओमप्रकाश जी, भुनेश्वर सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# छः विधानसभा वाला है लोकसभा वाल्मीकिनगर



● वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में नक्सल प्रभावित 54 बूथ है संवेदनशील

● नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के चलते 7 बजे सुबह से 4 बजे अपराह्न तक ही होगा मतदान

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया/बगहा(मोहन सिंह/घनश्याम /नसीम )। ब्यूरो नसीम खान क्या छठे चरण के चुनाव कि अधिसूचना जारी होने के बाद चुनाव कि तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है, एक ओर प्रत्यासी अपने प्रचार प्रसार मे लगे हुए है वही प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने मे जुटी हुई है । छः विधानसभा वाला है लोकसभा वाल्मीकिनगर वाल्मीकि नगर लोकसभा मे कुल 6 विधानसभा क्षेत्र है टोटल वोटर कि बात करें तो यहां 1825490 वोटर है जिसमे पुरुष वोटर 966302 और महिला वोटर 859116 है। कुल मतदान केंद्र 1829 है जिसमे 54 मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित है जँहा चुनाव का समय सुबह 7 बजे से 4 अपराह्न तक ही रखा गया शेष सभी बूथों पर सुबह 7 बजे से 6 बजे अपराह्न तक मतदान होगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रो मे सुरक्षा व्यवस्था कि बात करें तो इस संबंध मे बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि जो भी नक्सल प्रभावित क्षेत्र का बूथ है वहा पर पारामिलिट्री कि तैनाती रहेगी साथ ही एरियल सुरक्षा के लिए हेलीकाप्टर और ड्रोन से भी निगरानी रखी जाएगी इसके साथ ही विशेष दल पेट्रोलिंग मे भी लगा रहेगा। इस तरह देखा जाय तो चप्पे चप्पे पर सुरक्षा कि पुख्ता व्यवस्था कि गई है। जिससे कि लोग निर्भीक होकर अपने मतधिकार का प्रयोग करें। संवेदनशीलशील भवनो कि पूरी सुरक्षा पर प्रशासन कि नजर पहले से ही है। छठे चरण मे होगा मतदान चुनाव कि प्रक्रिया कि बात करें तो 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी हो गईं है जिसके तहत 29 अप्रैल से 6 मई तक नाम निर्देशन पात्र जमा किये जायेंगे 7 मई को नामनेशन पात्र कि संविक्षा तथा 9 मई को नाम वापसी कि अंतिम तिथि है। 25 मई को छठे चरण का मतदान होगा और 4 जून को वोटो कि गिनती होगी। भीषण गर्मी से वोटर को हो रही परेशानी सभी प्रयास के वावजूद भी इस चुनाव मे वोट प्रतिशत नहीं बढ़ रहा है जो सबके लिए एक चुनौती बना हुआ है विगत 2019 लोकसभा चुनाव मे वोटर टर्न आउट प्रतिशत कि बात करें तो 60 प्रतिशत से अधिक था जिसको इस चुनाव मे हासिल करना एक बहुत बड़ा लक्ष्य बना हुआ है।

# 1008 रुद्र महायज्ञ मे ज्ञान व भक्ति के सांथ भरपूर मनोरंजन की व्यवस्था



प्रात : किरण, संवाददाता

डोरीगंज। गडखा प्रखंड के कोठियां-नरांव स्थित नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर व काली मन्दिर परिसर मे चल रहे ग्यारह दिवसीय यज्ञ मे भक्ति के सांथ श्रद्धालुओ की दुर्लभ रहस्य व ज्ञान की प्राप्ति हो रही है। गुरुवार को प्रातः काल से हीं यज्ञ मंडप का परिक्रमा करने व महादेव नर्मदेश्वर को जलाभिषेक करने प्रातः काल ब्रम्ह वेला में पहुंचने लगे। श्रद्धालुओ ने यज्ञ मंडप का परिक्रमा कर नर्मदेश्वरमहादेवव काली मन्दिर के अलावे राम जानकी की मूर्ति,शिव मूर्ति आदि की पूजा अर्चना की और अपनी बात भगवान के समक्ष रख आशीर्वाद प्राप्तकिए।निर्मदेश्वर महादेव यज्ञ समिति द्वारा यज्ञ के सांथ अन्य जन कल्याण कारीकार्य व परमार्थ कार्य जारी है।श्रद्धालुओ व मेला घुमने वाले भक्तों के लिए सूर्यनारायण मन्दिर सेवा समिति सदस्यों द्वारा शीतल जल प्याऊ सेवा केन्द्र का चौबीसों घंटे नियमित सेवा दिया जा रहा है। सूर्यनारायण मंदिरके शिविर मे हीं नर्मदेश्वर महादेव का प्रसाद भीं जल शिविर सेवा समिति के तरफ से वितरित किया जा रहा है।स।ईसके अलावे दूर दराज से आने वाले भक्तों के लिए नियमित भंडारा का प्रबंध किया गया है।किसी हादसा या दुर्घटना से निपटते हुए प्राथमिक उपचार हेतु निःशुल्क चिकित्सा शिविर भीं सूर्यनारायण मंदिर के सौजन्य से लगवाया गया है। कल्याण मार्ग पर चलने वालो के लिए समाज विरोधी भीं हो तो प्रभु का सदैव सहारा मिलता है धर्मेन्द्र शास्त्री अयोध्या छठे दिन संध्याकाल प्रवचन मंच से बोलते हुए आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री नेकहा कि मनुष्य को सदैव कल्याणकारी मार्ग का हीं चयन करना चाहिए। अनैतिक मार्ग पर चलनेंवालो व व्यभिचारी तथा पापिओ को कहीं सहारा नहीं मिलता सबसे पहले वह परमात्मा के नजरों मे गिर जाता है।अतः अपने दिनचर्या की शुरूआत परोपकार व जन कल्याण से हीं आरंभ करें।महार के अमृतमय वाणी व झांकी का भक्तों ने भरपुर लाभ उठाया।राधाकृष्ण के की आरती व भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी देखकर सभीं भक्त पण्डाल मे खरे होकर बाल कृष्ण के चरण छूने को लागत दिखे। ईसके पूर्व मंच का उद्घाटन ग्राम पंचायत राज डुमरी के मुखिया अंजू देवी ने दीप प्रज्वलित कर की।उनके सांथ ग्राम पंचायत राज मुसेपुर के पैक्स अध्यक्ष अनील कुमार सिंह पुर्व मुखिया मुन्ना कुमार नरांव पंचायत के उपरघुवर पाण्डेय आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित थै।

# खैरा मध्य विद्यालय पर मध्यान भोजन में नहीं दिए जाते अंडे, स्कूल के अध्यक्ष ने जताया विरोध

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। सारण जिले के नगरा प्रखंड स्थित खैरा मध्य विद्यालय पर मध्यान भोजन में काफी अनियमितता बरती जा रही है इस बात की जानकारी होने पर स्कूल के अध्यक्ष, सचिव एवं कुछ अभिभको को के द्वारा शुक्रवार को अंडा नहीं दिए जाने की जानकारी मिलने पर उन्होंने जाकर स्कूल पर प्रधानाध्यापक से इसका विरोध जताया और प्रधानाध्यापक से पूछने पर उन्होंने कहा कि सप्लायर संजीव कुमार अंडे नहीं दे रहे हैं जिसके चलते बच्चों को अंडे नहीं मिल रहे हैं। लेकिन विरोध तक फल की भी व्यवस्था नहीं हुई थी

विरोध किए जाने के बाद बच्चों को प्रधानाध्यापक के द्वारा व्यवस्था करके एक-एक के केला प्रदान किया गया। जिससे अभिभावकों में रोस व्याप्त है।उनलोगो का खाना था कि एक अंडे की कीमत 5 रू है जबकि एक केले की कीमत 1 रू है। खाना की गुणवत्ता सही नहीं है इस पर जब आरोप लगाते हुए अभिभावकों के द्वारा पूछा गया कि क्या आप भोजन को चखते हैं तो इस पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि नहीं मैं भोजन को नहीं चखता हूं क्योंकि मुझको शुगर है, चावल खाना माना है। इस बाबत स्कूल के अध्यक्ष फिरोज अली ने कहा कि एक महीना से बच्चों को अंडा नहीं दिया जा रहा है

आज कुछ शिक्षकों के शिकायत पर मैं स्कूल पहुंचा तो आज भी अंडे नहीं दिए गए थे। मैं जब इस बात को प्रिंसिपल से पूछा तो उन्होंने कहा कि अंडा का सप्लाई सप्लायर नहीं दिया है फिर उनके ऊपर काफी दबाव बनाया गया तो वह बच्चे को एक-एक केला दिए। दबाव बनाने से पहले तक मात्र चावल, दाल और सब्जी दिया जा रहा था। क्या कहते हैं

प्रधानाध्यापक इस बाबत प्रधानाध्यापक नुरुल होदा ने कहा कि सप्लायर के द्वारा अंडा का सप्लाई नहीं किया जा रहा है बच्चों को इसके बदले में फल दिए जा रहे हैं। मौके पर स्कूल के अध्यक्ष फिरोज अली,सचिव राघवेंद्र सिंह, राकेश कुमार,महम्मद जिलानी,सोनू आलम,अरुण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गर्मी के शुरूआती दौर से ही नल जल की व्यवस्था चौपट

तारापुर (मुंगेर)। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना सहित नल जल योजना तारापुर के कई हिस्सों में गर्मी के शुरूआती दौर से ही छलावा साबित होकर रह गया है। गौरतलब है कि यह योजना सिर्फ हर घर नल का जल पहुंचाने की घोषणा राज्य सरकार का बेकार साबित होकर रह गया है। गाजीपुर , सांढी , खैरा,नाबादा , विषय , इत्यादि कई ऐसे गांव है जहां पानी के लिए लोगों को हर रोज मस्कत का सामना करना पड़ रहा है । जगह-जगह जल मीनार की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है । क्षेत्र के सरकारी जीपीटी चापाकल आधा से अधिक खराब पड़े हैं । घरों के लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है । बताया जा रहा है कि इस योजना की देखभाल सही तरीके से नहीं किए जाने के कारण क्षेत्र के लगभग सभी जगहों पर यह योजना धीरे-धीरे भ्रष्टाचारियों की भेंट चढ़ कर रह गई है । कुछ वर्ष पहले लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने तारापुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कई जगहों पर बड़ा से बड़ा जल मीनार का निर्माण किया तो है पर इसकी देखरेख सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। खास करके इस भीषण गर्मी में जमुई जिला के लक्ष्मीपुर झाझा एवं गिद्धौर इत्यादि जगहों से अपने राशन पानी के साथ मवेशी को लेकर लगभग 3 महीने तक इस क्षेत्र में चराने को लेकर आने वाले पशुपालकों को इस भीषण गर्मी में पशुओं के लिए पीने का पानी को लेकर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा ।

### विभिन्न विभागों की क्रियान्वयन योजनाओं की हुई समीक्षा : डीएम

भागलपुर। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अपने कार्यालय बेस में जन शिकायत, लंबित चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र, माननीय उच्च न्यायालय पटना में लंबित सीडब्लूजेसी (उहखउ) एवं एमजेसी (टखउ), सीपी (उढ) ग्राम, जनता दरबार एवं सीएम डैशबोर्ड के लंबित आवेदन, लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत तीनों अनुमंडल एवं जिला में लंबित सेवांत लाभ के मामलों को लेकर विस्तृत चर्चा के साथ बिंदुवार समीक्षा की। इसी क्रम में राजस्व मामलों को लेकर भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जांच में पाया कि जमाबंदी के मामले में काफी संख्या में लंबित प्रकरण मेंचल रहे हैं। जिसे लेकर जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देशित किया है कि सभी डीसीएलआर एक एक आंचल की गहन समीक्षा कर बताएं कि लंबित रहने के क्या कारण है ? खासकर नाथनगर, जगदीशपुर एवं पीरपैंती अंचल के डाटा को निकलवा कर गहनता से जांच कर कुछ जगहों पर छापेमारी करने के भी निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा में अगलगी की घटना के पीड़ितों को अनुग्रह अनुदान एवं अन्य क्षति का मुआवजा रकम को ससमय प्रदान करने हेतु अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त एवं संयुक्त निदेशक जनसंपर्क मौजूद थे।

### 50 हजार इनामी कुख्यात अपराधी बृजेश चढ़ा पुलिस के हत्थे : एसपी सिटी

भागलपुर। जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई के तहत 50 हजार के इनामी कुख्यात अपराधी बृजेश कुमार यादव को योजनाबद्ध तरीके से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस गिरफ्तारी मामले की जानकारी सिटी एसपी कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसपी सिटी मि. राज ने जानकारी साझा करते हुए कहा है कि विगत दिनों शाहकुंड थाना क्षेत्र के सुपैरिया गांव के बतौर पोस्टमेन मिथिलेश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त मामले में पीड़ित परिवार के फर्द बयान पर एफआईआर दर्ज किया गया था। जिसमें कुख्यात अपराधी बृजेश कुमार यादव को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। वही सिटी एसपी ने बताया कि मामले को गम्भीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित किया गया था। वही हत्या कांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम की लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी जांच अनुसंधान के क्रम में पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अपराधी धनकुंड थाना क्षेत्र जिला बांका में छिपा हुआ है, वही उक्त सूचना के सत्यता जांच व त्वरित कार्रवाई हेतू पुलिस की टीम ने सूचना स्थल पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफल रही हैं। वही पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। वहीं सिटी एसपी ने बताया कि वांछित कुख्यात अपराधी बृजेश का काफी लंबे समय से आपराधिक इतिहास रहा है, अपराधी के विरुद्ध सुल्तानगंज अकबरनगर और शाहकुंड थाने में उसके खिलाफ हत्या व आर्म्स एक्ट जैसे संगीन मामले दर्ज किया गया है।

# चुनाव के दिन हर बूथ पर होंगे कुछ खास इंतजाम, आगे आईए वोट कीजिए, महत्वपूर्ण है आपका वोट : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात : किरण ब्यूरो




मुंगेर। छोड़ो अपने सारे काम, चलो पहले करें मतदान, चुनाव के दिन हर बूथ पर होंगे कुछ खास इंतजाम, ताकि हर किसी के लिए मतदान करना हो आसान, मन बनाइए, आगे आईए, वोट कीजिए, "महत्वपूर्ण है वोट आपका"..... लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज दिव्यांगजनों के साथ पीडब्ल्यूडी जागरूकता हेतु ट्राई साइकिल रैली तथा स्कॉट एण्ड गाइड की रैली को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर आईसीडीएस द्वारा जहां रंगोली बनाकर निर्वाचन संबंधी संदेश दिया गया वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा गुब्बारा उड़ा कर लोक सभा आम निर्वाचन 2024 संबंधी संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, स्वीप आइकॉन श्रीजा सेन गुप्ता, पीडब्ल्यूडी आइकॉन मीरा कुमारी, स्वीप के नोडल अधिकारी सहित दर्जनों दिव्यांगजन, जीविका दीदी, सेविका सहायिका सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने कहा कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधि के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक विभिन्न विद्यालयों, लोवीटीआर क्षेत्रों सहित अन्य स्थानों पर मतदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कैंडल मार्च, पैदल मार्च के अतिरिक्त अन्य कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज दिव्यांग जनों की ओर से मतदाता जागरूकता हेतु बैट्री चालित ट्राई साइकिल रैली तथा स्कॉट गाइड द्वारा रैली निकाली गई है जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए वापस समाहरणालय परिसर आकर सम्पन्न होगी। इन सभी के माध्यम से भी आम जन को मतदान हेतु जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि मतदान के दिन लोग अधिक से अधिक संख्या में घर से बाहर आएं और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने सभी मतदाताओं से लोक सभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर हर हाल में अपने मताधिकार के प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण तभी संभव है जब आप सभी मतदाता जागरूक हो अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## देशी हाट से होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वापसी, रुकेगा पलायन गांव में मिलेगा रोजगार : हीरो राजन कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



सदर मुंगेर। देसी हॉट से होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वापसी, पलायन करने वाले मजदूरों को मिलेगा रोजगार रखेगा पलायन गांव में मिलेगी रोजगार उपरोक्त बाते हीरो राजन कुमार ने विश्व मजदूर दिवस पर देशी हाट के उदघाटन के अवसर पर कहा। बताया जाता है कि कृषि मंत्रालय भारत सरकार की ओर से 74 वे गणतंत्र दिवस में राजपथ पर मोटा अनाज को प्रोमोट करने वाले हीरो राजन कुमार ने बिहार के मुंगेर जिला के शंकरपुर गांव में विश्व मजदूर दिवस पर देशी हाट का शुभारंभ किया। हीरो राजन कुमार जो चार्ली चैपलिन 2 के नाम से गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है वो देशी हाट का ऑफिसियल ब्रांड अम्बेसडर है और मोटे अनाज को देश भर में प्रमोट कर रहे है।

देशी हाट के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि देशी हाट से जहां एक ओर किसान को अपने उत्पाद का देशी बाजार मिलेगा वही दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वापसी होगी और देश के नागरिकों को प्राकृतिक तरीके से पैदा किया हुआ शुद्ध आनाज, फल, सब्जी, दूध दही लस्सी पनीर घी आदि मिलेगा। देशी खान पान से लोगो के स्वास्थ्य में सुधार आएगी और लोगो को मिलावटी और अप्राकृतिक भोजन से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि देशी हाट के जरिये गाँव ग्राम में घरेलु लघु और कुटीर उद्योग अपने उत्पाद का बाजार पाएंगे इससे न केवल पलायन रुकेगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मजबूत होने से देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि गांव के उत्थान से ही भारत पुनः विश्वगुरु बनेगा।

# मुंगेर संसदीय क्षेत्र को एजुकेशन का हब बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे है निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार

## मजदूरों को 365 दिन रोजगार उपलब्ध करना होगी पहली प्राथमिकता

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर : मुंगेर संसदीय क्षेत्र से कुल 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। प्रत्येक प्रत्याशी अपने अपने बातों से मतदाता को अपनी ओर आकर्षित करने में लगे हैं। वहीं दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार की चर्चा इन दिनो संसदीय क्षेत्र में तेजी से जनता के जुबान पर सुना जा रहा है। निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के 06 विधानसभा क्षेत्र क्रमशः मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ ,लखीसराय, बाढ तथा मोकामा में अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क के माध्यम से जनता को अपने पांच विजन बता रहे हैं । जिसमें युवाओं के लिए शिक्षा, मजदूरों के लिए 365 दिन का रोजगार, लाचार बीमार के लिए हर विधानसभा में पीएमसी अस्पताल के अलावे जिले के प्राचीन धरोहर को टूरिज्म के क्षेत्र में विकसित करना पहली प्राथमिकता में शामिल है। निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार कहते हैं कि जनता मालिक का आशीर्वाद अगर मुझे मिलता है तो, दीए तले अंधेरी वाली कहावत को सिरे से खारिज कर दिखाऊंगा।

क्योंकि जब तक की अपना बिहार जाति धर्म संप्रदाय के बंधन से मुक्त नहीं होगा, तब तक हम सभी ठगे जाते रहेंगे। इतना ही नहीं मुंगेर एवं जमालपुर विधानसभा क्षेत्र प्राचीन धरोहर को विकसित करने के साथ इनके विकास की रोड मैप तैयार करने हेतु जनसंपर्क के दौरान सूचीबद्ध कर रहा हूं। निर्दलीय प्रत्याशी नीतीश कुमार के साथ युवाओं की अच्छी खासी भीड जनसंपर्क के दौरान देखी जा रही है । युवा वर्ग उनके प्रति आकर्षित हो रहे हैं और उनके वीजन को समझ रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान हेमंत कुमार, गोरखनाथ सिंह, राहुल कुमार, रुद्रा दिवाकर सिंह, सौरभ कुमार,राहुल कुमार सिंह, अमित पासवान, सुधांशु यादव, बृजेश कुमार, अमित, सुरेश साहा,गोपाल तांती सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे।

## आखिर लोकसभा चुनाव में क्या करेगी सपा की टीम : पप्पू यादव

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर । लोक सभा आम निर्वाचन के चौथे चरण के प्रचार प्रसार की रणभेरी बजते ही मुंगेर लोकसभा चुनाव के लगभग सभी प्रत्याशी अपने दम खम ठोकने में जुट गए हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि यहां जद यू की प्रतिष्ठा दांव पर लगी नजर आ रही है । क्योंकि इस चरण में मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन से जद यू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष निवर्तमान सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के सामने बाहुबली अशोक महतो की पत्नी कुमारी अनीता इंडिया गठबंधन से बतौर राजद प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जिसके कारण पुरा बिहार इसे हॉट सीट के रूप में देख रहा है।

इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्री प्रचार अभियान के पूर्व ही जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं । जिसके बाद एनडीए घटक के सभी दल पुरी मुस्तैद है वहीं इंडिया गठबंधन की एकजुटता में ढिली नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी जो साझेदार की भूमिका में है उसका दूर-दूर तक कहीं अता पता नहीं है जबकि जमीनी हकीकत है कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में समाजवादी पार्टी ही एक ऐसा दल है जो निरंतर जनता के सवालों पर संघर्ष करता रहता है। जनता के बीच रहने वाली भूमिका के कारण ही मुंगेर जमालपुर की आम जनता की बड़ी सहानुभूति इस दल के कार्यकताओं के साथ रहती है लेकिन गठबंधन का यह दल इस चुनाव में अपनी भूमिका को लेकर संशय मे है। वही इस दल के कुछ कार्यकर्ता इधर उधर तांका झांकी भी करने में जुट गए । चचाएं यह भी है कि पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने मुंगेर लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ रही है या महागठबंधन, इस आशय को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी यादव को सप्ताह पूर्व पत्र लिखकर स्पष्ट करने की मांग की थी ।

## मिल्टन कंपनी व्यापारी के ट्रक में लगी आग, लाखों के सामान जलकर हुई खाक

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इशाकचक थाना क्षेत्र अंतर्गत देर शाम गायत्री मंदिर के समीप सामान से भरे एक ट्रक में अचानक शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। वही इस अगलगि की घटना में मिल्टन कम्पनी के लाखों का सामान से ओवरलोड ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि शहर के प्लास्टिक व्यापारी दीपक कुमार वर्मा का मिल्टन कम्पनी के सामान से भरा ट्रक लालूचक के रास्ते भोलानाथ पुल की ओर जा रही थी, तभी बिजली की हाइटेंशन तार में सट जाने से अचानक आग लग गई और देखते ही देखते ट्रक के भीतर पड़ा सारा सामान जलकर राख हो गया । वहीं स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय इशाकचक थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम को दी। घटना की सूचना मिलते ही इशाकचक थाना पुलिस व दमकल वाहन के साथ कर्मियों ने त्वरित घटनास्थल पर पहुंच ट्रक की लगी आग पर काबू पाने की कवायद शुरू कर दी।

वही दमकल टीम द्वारा काफी जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पाने में सफल रही है। वही अगलगि घटना को लेकर ट्रक मालिक दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि वह मिल्टन कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर हैं और उनका माल पटना से लोदीपुर के रस्ते भोलानाथ पुल स्थित गोदाम में जा रहा था, तभी ट्रक में बिजली के हाई वोल्टेज तार में सटने से आग लग गई और सारा सामान जलकर राख हो गया है।

## ठगी करने वाले गिरोह के विरुद्ध न्यायालय ने लिया संज्ञान : अधिवक्ता

भागलपुर। जिले भर में नोकरी के नाम पर झांसा देकर रुपया ठगी करने वाले गिरोह अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में एक चौकाने वाली खबर उभर कर सामने आई है। भागलपुर परिक्षेत्र के कई इलाके में नौकरी के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश हुआ है। मामले को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भागलपुर सिविल कोर्ट में एक पीड़ित रीना देवी महिला ने अधिवक्ता आलय बनर्जी के माध्यम से स्थानीय नाथनगर में कार्यरत शिक्षक राघवेन्द्र कुमार, नयागांव कुमैठा के शिक्षिका रीता चक्रवर्ती और अकबरनगर के कपिल देव पासवान के विरुद्ध एक नालसी मुकदमा दायर किया था। उक्त मामले को लेकर न्यायालय ने पेश किए साक्ष्यों के आधार पर तीनों नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 420 के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी व ठगी के मामले से संबंधित कई धाराओं से दर्ज मामले को लेकर न्यायालय ने संज्ञान में लेते हुए तीनों नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध सम्मन जारी कर दिया है। वहीं मामले को लेकर वादी रीना देवी के अधिवक्ता आलय बनर्जी ने कहा कि शिक्षक राघवेन्द्र कुमार, शिक्षिका रीता चक्रवर्ती और अकबरनगर के कपिल देव पासवान ने अनौपचारिक रूप से शिक्षा समायोजन भर्ती प्रक्रिया के नाम पर शहर भर में करीब बीस से अधिक लोगों के साथ ठगी किया गया है। नामजद अभियुक्तों के द्वारा नौकरी के नाम पर करोड़ों रुपये ठगी की है। वहीं अभियुक्त शिक्षक राघवेन्द्र कुमार, शिक्षिका रीता चक्रवर्ती और कपिल देव पासवान द्वारा भागलपुर सहित कई अन्य जिलों में भी नौकरी पेशे के नाम पर एक सक्रिय रूप से गिरोह इनके द्वारा संचालित किया जाता है।

# 41 वर्ष बाद भी साकार नहीं हो पाया स्व. राजो सिंह कौशल्या देवी बालिका उच्च विद्यालय का सपना

प्रात : किरण ब्यूरो




मुंगेर। मुंगेर विधानसभा क्षेत्र का राजनीतिक केंद्र बिंदु बने नौवागढ़ी में एक भी बालिका उच्च विद्यालय नहीं रहने से छात्राओं( लडकियों ) को खासे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हर चुनावी मौसम में बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना का मुद्दा गर्म रहता है और लोग इस मुद्दे पर सवाल भी उठाते रहे हैं। इसके बावजूद भी 41 वर्ष का लंबा सफर गुजर जाने के बाद भी राजो सिंह- कौशल्या देवी बालिका उच्च विद्यालय नौवागढ़ी का सपना साकार नहीं हो पाया है। जिसको लेकर क्षेत्रीय मतदाता अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। हर लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी चुनावी मौसम में यह मुद्दा गर्म दिखाई पड़ रहा है। बताते चले की स्थानीय लोगों के अनुरोध पर नौवागढ़ी निवासी स्वर्गीय राजो सिंह ने प्राइमरी स्कूल के लिए मौखिक रूप से समाज को डेड कट्ठा जमीन दान मे वर्ष 1963 - 64 के दौरान दिया था। राजो सिंह की पुत्री कौशल्या देवी ने फिर वर्ष 1983 ई.मे बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना के लिए 01 एकड़ से अधिक जमीन राज्यपाल को लिखित रूप से दान किया। क्षेत्र वासियों ने भूमि दान करने वाले राजो सिंह व उनकी पुत्री कौशल्या देवी के नाम से बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना करने का निर्णय वर्ष 1986 ई. में लिया। स्वर्गीय राजो सिंह - कौशल्या देवी बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने एक कमेटी का गठन किया, जिसके अध्यक्ष शिक्षा प्रेमी योगेंद्र प्रसाद सिंह तथा सचिव रामस्वरूप मंडल बनाए गए थे। क्षेत्रीय ग्रामीण विकास समिति तथा अखिल भारतीय डा. अंबेडकर सेवा समिति व सामाजिक मंच आदि संगठनों ने भी नौवागढ़ी में स्वर्गीय राजो सिंह कौशल्या देवी बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना के लिए संघर्ष किया। वयोवृद्ध शिक्षा प्रेमी उमेश मंडल तथा सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत विद्यार्थी ने बताया कि बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना के लिए तत्कालीन केंद्रीय मंत्री डीपी यादव, पूर्व मंत्री मोनाजिर हसन, पूर्व सांसद ब्रह्मानंद मंडल तथा विजय कुमार विजय सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर राजो सिंह - कौशल्या बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना का मांग किया गया था। इसके अलावा समय-समय पर क्षेत्रवासी तथा सामाजिक संगठन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का ध्यान लगातार आकृष्ट करते रहे, लेकिन क्षेत्रीय रहनुमा क्षेत्र वासियों को सिर्फ आश्वासनों का घुट्टी पिलाते रहे। डीपी यादव तथा मोनाजिर हसन ने शिक्षा विभाग की टीम को जांच के लिए नौवागढ़ी भेजा था। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में राजो सिंह कौशल्या देवी बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना की मांग को जायज ठहराया था। इसके बाद भी क्षेत्र वासियों की बहु प्रतिक्षित स्वर्गीय राजो सिंह - कौशल्या देवी बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना की मांग पूरी नहीं हो सकी है। जिसको लेकर क्षेत्रीय मतदाताओं में रहनुमाओं के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। क्षेत्रीय मतदाता अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र में एक सवाल जो तैर रहा है वह कि आखिर किस कारण से 41 वर्ष के बाद भी नौवागढ़ी में स्वर्गीय राजो सिंह कौशल्या देवी बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना नहीं हो पाई ? रहनुमा सिर्फ आश्वासन देते रहे और लोग ठगे जाते रहे...।

# भीषण गर्मी के कारण क्लास में पढ़ाई के दौरान मूर्छित होकर गिरा छात्र

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। बिहार में हीट वेव को लेकर रेड अलर्ड जारी कर दिया गया है, इसी कड़ी में भागलपुर सहित कई जिलों में हीट अलर्ट घोषित कर जिला प्रशासन द्वारा गाइड लाइन जारी किया गया है। भीषण गर्मी और सूर्य की तेज तपिश व लू भरी हवा के बीच लोग काफी परेशान दिख रहे हैं, सुबह 11:00 बजते ही चिलचिलाती धूप के कारण लोगों की आवाजाही कम हो करफ्यू जैसी स्थिति बन जाती है। गौरतलब हो की जिले में हिट वेव के प्रकोप से बचाव को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के आदेश पर सभी कॉलेज और स्कूल का पठन पाठन समय अवधि में परिवर्तित कर दिया गया है, वही एक ओर जहां जिला प्रशासन हिट वेव से बचाव को लेकर तरह तरह की कवायद करती चल रही है तो वही तिलकामांझी विश्वविधालय प्रांगण में कहीं न कांही जिला प्रशासन के जारी नियमों का उल्लंघन करती दिख रही है। दरअसल गुरूवार को इंडस्ट्रियल रिलेशन एंड पर्सनल मैनजमेंट (क्रम्ढट) की पढ़ाई कर रहे एक छात्र के भीषण गर्मी के कारण क्लास में परिसर में मूर्छित होकर जमीन पर अचानक गिर पड़ा था, जिसके बाद अन्य छात्रों ने उसे होश में लाने हेतू काफी कोशिश की, लेकिन लू के प्रकोप के कारण उक्त छात्र के तबीयत और बिगड़ गई थी। जिसके बाद आनन फानन में उसे अन्य छात्रों ने जिले के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वही मामले को लेकर आईआरपीएम के छात्र आलोक राज ने बताया कि अकबरनगर के प्रियांशु झा क्लास में पढ़ाई कर रहा था इसी क्रम में अचानक लू लगने की वजह से वह क्लास में ही अचेत होकर गीर गया था, वही परेशान चल रहे सभी छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन को सवालों के घेरे में लेते हुऐ कहा की कॉलेज के भीतर इस भीषण गर्मी में न तो पेजयल की कोई व्यवस्था है, न ही शोचालय की। वही छात्रों को इस भीषण लू भरी गर्मी में काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। साथ ही छात्रों ने बताया कि हम छात्र छात्राओं के साथ यह समस्या पिछले 3 महीने से चल रही है, जबकि जिला प्रशासन निर्देष पर भी विश्वविधालय प्रबंधन के कानों में जूं तक नहीं रेंगती। छात्रों ने कहा कि वे लोग मामले की शिकायत लेकर कई दफा वीसी और एच.ओ.डी के समक्ष गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं अस्पताल आने के बाद छात्रों की इस समस्या को देख सिविल सर्जन अर्चना कुमारी भी मौके पर पहुंची और फॉरेन अटेंडेंट चिकित्सक को छात्र के प्राथमिक उपचार को लेकर संबंधित चिकिसक को निर्देश दिया है। वही मामले को लेकर सिविल सर्जन ने बताया कि हीट अलर्ट को लेकर अस्पताल में तमाम तरह के व्यापक इंतजाम कर लिए गए हैं, वैसे मरीजों के लिए ओ.आर.एस से लेकर सभी व्यवस्थाएं की गई है। साथ ही सिविल सर्जन ने आम लोगों से गर्मी से बचने की अपील की है, साथ ही उन्होंने कहा की धूप में निकलने से पहले अपने साथ पानी लेकर अवश्य चलें और सिर को ढक कर रखें। वही फिल्हाल चिकिसक द्वारा छात्र का ईलाज किया जा रहा है।

## देर रात्रि लगी भीषण आग में ग्रामीण का हुआ लाखों का नुकसान

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोदीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तहबलपुर गांव में पुरूषोत्तम कुमार के मवेशी रखने वाले बासा में अचानक भीषण आग लगने की सूचना सामने आई है। घटना को लेकर ग्रामीण ने बताया कि देर रात आग लगने के क्रम में जब एक गैंस सिलेंडर ब्लास्ट हुआ तब हमलोग जगे और पता चला की भीषण आगजनी हुई है।आग इतनी भयावह थी कि गौशाला में बंधी तीन गाय, दो गाय का बछड़ा, चार बकरी और गौशाला में रखे लाखों के अन्य समान जल कर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया है।आग की लपटों से बगल के उत्तम मंडल का घर भी उनकी चपेट में आ गया और उनका भी लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं पीड़ित ग्रामीणों ने कहा कि लोदीपुर थाना और अग्निशमन विभाग तीन घंटे विलम्ब से पहुंची है। जबकि अग्निशमन विभाग के कर्मी अजय कुमार ने कहा कि हमें जैसे ही सूचना मिली हमलोग दो दमकल टीम की गाड़ी लेकर पहुंच गए हैं। बहरहाल पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों व अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने में सफल रही है, अभी स्थिति समान्य है। वही घटना को लेकर बताया जा रहा है कि गांव में अचानक आग लगने की घटना किसी को पता नही चली थी, इलाके में सभी लोग अपने घरों में सोये हुए चल रहे थे, गैस सिलेंडर ब्लास्ट करने की आवाज सुनकर घरों से बाहर निकले तो आग की लपटें काफी तेज लपटें धधक रही थी जिसे देखते ही स्थानीय लोगों ने आनन फानन में आग बुझाने की कवायद में जुट गये थे। लेकिन तबतक सब कुछ जलकर राख हो गया था। आग की लपटों को देख लोगों की रूह कांप उठी थी, किसी तरह अपनी सूझबूझ के साथ लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे थे इसी बीच अग्नि शमन विभाग की गाड़ी घण्टों बाद पहुंची जिनके सहयोग से आग पर काबू पाने में सफल रहे थें। वही आग अर्ध रात्रि में लगने की वजह के कारणों का पता नही चल पाया है। वही मामले को लेकर लोदीपुर थाना पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है। वही घटना को लेकर अग्नि पीड़ित सुजित कुमार ने बताया कि घर में सो रहे थे, तभी करीब एक बजे के करीब एक जोरदार धमाका हुआ जिसकी आवाज सुनकर घर से बाहर निकल कर देखा तो आग की तेज लपटें गाय बथान से निकल रही हैं, जिसे लेकर काफी सोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे थे। वही इस आग की लपटों से पड़ोसी उत्तम मंडल के घर मे भी आग लग गई, जिसे काफी मस्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से बुझाने में सफल रहे थे। अब देखने वाली बात है कि ग्रामीणों के इस नुकसान को लेकर छतिपूर्ति हेतू सरकारी सहायता का लाभ कबतक मुहैया कराने के साथ राहत दे पाती है या यूं कहे कि अपनी मुआवजे की रकम को लेकर कार्यालय का चक्कर लगाते दिखेंगे, ये सवाल खड़े होकर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना चल रहा है।

## शराब होने की सूचना पर पुलिस के साथ छापेमारी को देखने पहुंचा था युवक : ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में लगातार अपराधी गतिविधि देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भ्रमरपुर सतियारा गांव में बेलगाम अपराधियों का आपराधिक कारनामा देखने को मिला है।घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय गांव के गोरेलाल राम के घर पर चढ़कर दबंग युवक ने उसके पुत्र नीतीश कुमार को गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। इस गोलीबारी की घटना में गोरेलाल के पुत्र नीतीश के जांघ और हाथ में गोली लग गई है। जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी व घायल हो गया है। वही घायल नीतीश को जख्मी हालत में त्वरित इलाज के लिए स्थानीय बिहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों ने हालत की गम्भीरता को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया है। जहां चिकिसक द्वारा भर्ती प्रक्रिया के साथ उसका इलाज चल रहा है। वही घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ चल रहा है। वही दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस कार्यशैली को लेकर पूरे गांव इलाके में ग्रामीणों के बीच आक्रोश का माहौल दिख रहा है। वही घटना को लेकर परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि सतियारा के मुन्ना मंडल के घर पर तीन थाने की पुलिस शराब मिलने की संभावना पर छापेमारी करने गई थी।

## आग के चपेट में एक बच्चे की मौके हुई दर्दनाक मौत

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत पनसल्ला गाँव इलाके में पांच दिन पुर्व बिजली के चिंगारी से आग लगने से एक ही परिवार के पांच घर जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया था, वही इस घटना में एक बच्चे की झुलसकर मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। वही इस भीषण आगलगी की घटना के पूर्व पीड़ित परिवार के घर में शादी समारोह की तैयारियों में लगे हुए थे, इसी क्रम में बिजली तार से निकली एक चिंगारी ने खुशी के माहौल को चीत्कार व भगदड़ के माहौल में तब्दील कर दिया था। इस हृदयविदारक घटना के कारण पीड़ित परिवार के घर से बारात भी नहीं नही निकल पायी थी। वही इस घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जिला परिषद सदस्य सह बांका लोकसभा के प्रत्याशी अरुण दास अपने सहयोगियों के साथ पीड़ित परिवार के बीच मिलने व हालचाल लेने पहुंचे। उनके आगम को लेकर बताया जा रहा है कि जिला परिषद सदस्य विगत कुछ दिनों से अपने किसी कार्य को लेकर कोलकाता गये थे, जहां से वापस लौटकर आने के साथ ही अनन फानन में गाँव पहुंचकर पिडित परिवारों से मुलाकात करते घटना के बारे में जानकारी लेते हुए पीड़ित परिवार को घरेलू उपयोगी सामान देकर सहायता प्रदान की। साथ ही उन्होंने सरकार के द्वारा दिए जानेवाले सहायता राशि के लिए अंचलाधिकारी से बातचीत कर जल्द से जल्द दिलाने की बात कही है। वही पीड़ित परिवारों ने बताया कि बच्चे की मौत होने पर भी स्थानीय स्तर पर मौजूद जनप्रतिनिधियों द्वारा अबतक कोई भी सरकारी सहायता मुहैया नहीं करायी गई है, वही उन्होंने कहा कि गाँव इलाके में पानी आपूर्ति की सुविधा नही रहने के कारण इतनी बड़ी अगलगी की घटना घटित होने की बात कही गई है।

# भारत की टेस्ट में बादशाहत खत्म

**● ऑस्ट्रेलिया पहले नंबर पर पहुंचा ● भारत फिसलकर दूसरे स्थान पर आया, वनडे और टी-20 में इंडिया टॉप पर**

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने साल की आखिरी रैंकिंग जारी की है, जिसमें रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने टॉप पोजिशन गंवा दिया है। पैट कमिंस की कप्तानी पाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता ऑस्ट्रेलिया ने टॉप पोजीशन हासिल कर लिया है।

मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पछाड़कर आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। आईसीसी ने शुक्रवार को अपनी वार्षिक टीम रैंकिंग अपडेट की और पैट कमिंस की टीम पिछले साल ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच में भारत पर 209 रन की शानदार जीत के दम पर पांच दिवसीय क्रिकेट में शीर्ष पर पहुंच गई।



इससे ऑस्ट्रेलिया की रेटिंग 124 अंक है, जो पिछले वर्ष विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के उपविजेता भारत (120) से चार अंक अधिक है, जबकि रैंकिंग में तीसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड (105) से 19 अंक अधिक है। टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष पर यह एकमात्र बदलाव है। दक्षिण अफ्रीका (103), न्यूजीलैंड (96), पाकिस्तान (89), श्रीलंका (83), वेस्टइंडीज (82) और बांग्लादेश (53) क्रमशः चौथी से 9वीं टीम तक है।

रैंकिंग अपडेट में केवल मई 2021 के बाद टीमों के प्रदर्शन को ध्यान में रखा गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया पर भारत की प्रभावशाली 2-1 श्रृंखला की जीत (जो जनवरी 2021 में समाप्त हुई थी) रैंकिंग अवधि से बाहर हो गई है। मई 2021 और मई 2023 के बीच के सभी परिणामों को 50 प्रतिशत पर पारित किया गया है और अगले 12 महीनों के परिणामों को (जिसमें ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत भी शामिल है) 100 प्रतिशत को लिया गया है।

भारत (122 अंक) ने भले ही टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान खो दिया हो, लेकिन वे दोनों सीमित ओवरों के प्रारूपों में आगे बने हुए हैं और उन्होंने वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया (116) पर अपनी बढ़त छह रेटिंग अंकों तक बढ़ा ली है। तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका (112) ने ऑस्ट्रेलिया से केवल चार रेटिंग अंक का अंतर बना लिया है, जबकि पाकिस्तान (106) और न्यूजीलैंड (101) शीर्ष पांच में शामिल हैं।

# पहले भी मैं कई कप्तानों नेतृत्व में खेला हूं...

**हार्दिक पंड्या से मुंबई इंडियंस की कप्तानी गंवाने पर पहली बार खुलकर बोले रोहित शर्मा**



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले कुछ महीनों के उतार-चढ़ाव के दौरान आईपीएल में कप्तानी हार्दिक पंड्या को गंवाने और फिर अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए इस ऑलराउंडर को उनके नेतृत्व में उपकप्तान बनाए जाने के बाद कहा कि हर चीज आपके पक्ष में नहीं होती। भारत के सबसे लोकप्रिय क्रिकेटरों में से एक रोहित को मुंबई इंडियंस की कप्तानी से हटाए जाने से कई लोग हैरान थे और उनके प्रशंसकों ने आईपीएल मुकाबलों के दौरान कुछ मैचों में पंड्या की हूटिंग भी की।

भारतीय कप्तान ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, 'देखिए, यह जीवन का हिस्सा है। हर चीज आपके हिसाब से नहीं होती। यह एक शानदार अनुभव रहा।' उनसे मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में पंड्या के नेतृत्व में खेलने के अनुभव के बारे में पूछा गया था। रोहित ने कहा, 'इससे पहले भी मैं कप्तान नहीं रहा हूं और मैंने कई कप्तानों के नेतृत्व में खेला है। यह मेरे लिए अलग या नया नहीं है।'

रोहित ने भारत के लिए महेंद्र सिंह धोनी, वीरेंद्र सहवाग और विराट कोहली के अलावा फ्रेंचाइजी क्रिकेट में एडम गिलक्रिस्ट, हरभजन सिंह और रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में खेला है। सैंतीस वर्षीय रोहित को पिछले तीन सत्र के दौरान पर्याप्त रन नहीं बनाने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा लेकिन टूर्नामेंट के 17वें सत्र में वह बिलकुल अलग दिखे।

रोहित ने कहा, 'जो कुछ भी है आप उसके अनुसार चलते हैं और फिर एक खिलाड़ी के तौर पर आपसे जो अपेक्षित है, उसे करने की कोशिश करते हैं। मैंने पिछले एक महीने में ऐसा करने की कोशिश की है।' रोहित ने आईपीएल 2024 की 10 पारियों में अब तक 314 रन बनाए हैं। आईपीएल 2024 में उनकी टीम का सफर खत्म हो चुका है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर चुकी है। टूर्नामेंट के खत्म होने के बाद रोहित शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में बिजी हो जाएंगे।

## चेलसी से हारकर टोटेनहम की चैम्पियंस लीग की उम्मीदों को झटका



**लंदन (एजेंसी)।** चेलसी के हाथों 2.0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैम्पियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह 4 दिन में दूसरी हार थी। उसे आर्सनल ने रविवार को 3.2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैम्पियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे। टोटेनहम तालिका में 5वें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे 7 अंक आगे है।

## कीस को हराकर इगा स्वियातेक मैड्रिड ओपन फाइनल में

**मैड्रिड (एजेंसी)।** इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने कीस को 6.1, 6.3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1.6, 7.5, 7.6 से हराया है। पुरूष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4.6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।

# अनुष्का शर्मा ने यहां मनाया जन्मदिन, डिनर पार्टी में यह मेहमान थे खास

**बेंगलूर (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की एक्ट्रेस वाइफअनुष्का शर्मा ने हाल ही में अपना 36वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। इस खास मौके पर उन्होंने डिनर पार्टी की और इस पार्टी में परिवार और दोस्तों की मौजूदगी रही। खासकर विराट कोहली की टीम के क्रिकेटर साथियों की मौजूदगी रही। कप्तान फाफ डु प्लेसिस, गलेन मैक्सवेल भी मौजूद रहे। इस पार्टी के दौरान की एक तस्वीर मनु चंद्रा ने शेयर की है।



तस्वीर में अनुष्का शर्मा पति विराट कोहली और दोस्तों के साथ हैं। उन्होंने लिखा- चमकदार खुश लोग + अच्छा खाना = खुशी यह एक बहुत ही प्यारी शाम थी, बढ़िया खाने की चाहत के लिए इस ढेर सारे प्यार ने इसे और बेहतर बना दिया। जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं अनुष्का शर्मा। इस बीच विराट कोहली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लूपा बेंगलुरु के मेन्यू की एक तस्वीर साझा की और लिखा- अविश्वसनीय भोजन अनुभव के लिए मनु चंद्रा का धन्यवाद। हमारे जीवन के सबसे अच्छे भोजन अनुभवों में से एक।

इस सप्ताह की शुरुआत में अनुष्का शर्मा के 36वें जन्मदिन पर विराट कोहली ने उनके लिए एक नोट साझा किया था। उन्होंने लिखा था- अगर मैं तुम्हें नहीं पाता तो मैं पूरी तरह से खो जाता। जन्मदिन मुबारक हो मेरा प्यार। तुम हमारी दुनिया की रोशनी हो। हम तुमसे बहुत प्यार करते हैं। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की पहली मुलाकात एक शैम्पू के विज्ञापन की शूटिंग के दौरान हुई थी। उन्होंने कुछ सालों तक एक-दूसरे को डेट किया और 2017 में इटली में एक निजी समारोह में शादी कर ली। जनवरी 2021 में उनकी बेटी वामिका और इस साल फरवरी में बेटे अकाय का जन्म हुआ।

वर्कफंट की बात करें तो अभिनेत्री अगली बार स्पोर्ट्स बायोपिक चकदा एक्सप्रेस में नजर आएंगी, जो बेटी वामिका के जन्म के बाद उनकी पहली फिल्म है। यह फिल्म क्रिकेटर झूलन गोस्वामी के जीवन पर आधारित है। अभिनेत्री ने अपने भाई कर्णेश शर्मा द्वारा निर्मित नेटफ्लिक्स फिल्म काला में भी एक कैमियो भूमिका निभाई। अनुष्का शर्मा को रब ने बना दी जोड़ी, पीके, बैंड बाजा बारात, सुल्तान और ऐ दिल है मुश्किल जैसी फिल्मों में उनके धांसू अभिनय के लिए जाना जाता है।

# एफआईएच प्रो लीग सविता की बजाय सलीमा टेटे को मिली महिला हॉकी टीम की कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है। सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।



### भारतीय महिला टीम

**गोलकीपर** – सविता, बिछू देवी खारीबाम

**डिफेंडर** – निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

**मिडफील्डर** – सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी

**फॉरवर्ड** – मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग

# टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में दिग्गज क्रिकेटर की राय

**विराट करें ओपनिंग, रोहित नंबर 3 पर आए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी अजय जडेजा का मानना ??है कि कप्तान रोहित शर्मा को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करनी चाहिए और पुरुष टी20 विश्व के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए विराट कोहली को प्रमोट करना चाहिए। बता दें कि 1 जून से वेस्ट इंडीज और यूएसए में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा हो गई है। इसमें यशस्वी जयसवाल, सूर्यकुमार यादव, रोहित और कोहली शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं। भारत को प्रतियोगिता के ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। पहला मुकाबला 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड से होना है।



जडेजा ने कहा कि मेरे लिए विराट कोहली ओपनिंग करते हैं। कौन पीछे जाता है? यह सवाल है तो जवाब है रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर। इससे उन्हें थोड़ा आराम मिलेगा और खेल को समझने का मौका मिलेगा। एक कप्तान के रूप में उनके दिमाग में उस समय बहुत कुछ चल रहा होगा। अगर आपकी टीम में विराट है, तो आप जानते हैं कि निरंतरता ही वह चीज़ है जो आपको मिलेगी, इसलिए, उसका उपयोग भी कर सकते हैं। वह शीर्ष पर सर्वश्रेष्ठ है। जब वह शुरूआती कुछ ओवर खेल रहता है और जब स्पिन आती है तो वह उसके खिलाफ सर्वश्रेष्ठ हो जाता है। मेरी पसंद हमेशा से यही रही है कि अगर विराट इस टीम में हैं, तो उन्हें ओपनिंग करनी चाहिए।

उप-कप्तान हार्दिक पंड्या आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए बल्ले और गेंद से बेहद खराब फॉर्म में हैं, लेकिन जडेजा को लगता है कि तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि सुर्खियां स्पष्ट कारणों से उस पर हैं। वह एक विशेष खिलाड़ी है, एक दुर्लभ वस्तु जो आपको हमारे देश में मिलती है जहां कोई सीम-अप गेंदबाजी करता है और अपनी बल्लेबाजी के साथ टीम में जगह बना सकता है। आपकी टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं, हर कोई अपनी संख्या और जिस स्तर पर खेलता है, उसे लेकर बहुत मजबूत है। यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि रोहित क्या सोचते हैं।

भारत ने विश्व कप के लिए रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल जैसे स्पिनर चुने हैं। भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना ??है कि चहल और कुलदीप को विश्व कप के दौरान भारत की एकादश में एक साथ खिलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि कुलदीप और चहल दोनों को खेलना चाहिए। मुझे लगता है कि हमारा एक्स-फैक्टर चहल है। उनकी साझेदारी उपयोगी होगी क्योंकि आप उन विकेटों पर खेल रहे हैं जहां एक स्पिनर को दबाव बनाने की जरूरत है। अगर चहल ऐसा नहीं कर सकते, तो कुलदीप कर सकते हैं। अगर कुलदीप नहीं कर सकता तो चहल यह करेगा।

**महिला क्रिकेट**

# शैफाली वर्मा की तेजतर्रार फिफ्टी, भारत ने बांग्लादेश से जीता तीसरा टी20

**सिलहट (एजेंसी)।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (51) की अर्धशतकीय और स्मृति मंधाना (47) पारी की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को सात विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की अजये बढ़त बना ली है। 118 रन के लक्ष्य का पीछा करने सलामी बल्लेबाज शेफाली और स्मृति ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट लिए 91 रन जोड़े।



शेफाली 38 गेंदों में आठ चौकों की मदद से (51)के अर्धशतक और स्मृति मंधाना 42 गेंद में पांच चौके, एक छक्का लगाते हुए (47)रनों की शानदार पारी खेली। शेफाली ने फाहिमा खातून की गेंद पर एक रन लेकर अपना नौवां अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद अगले ओवर में रितु मोनी को उन्हीं की गेंद पर कैच दे बैठीं। दयालन हेमलता (9) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर (6) और ऋचा घोष (8) रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

इससे पहले आज यहां भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंबदाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम के लिए सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर की 25 गेंद में (39) और कप्तान निगार सुल्ताना (28) की अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए (46) रन जोड़े। 7वें ओवर में मुर्शीदा खातून (9) रन के रूप में बंगलादेश का पहला विकेट गिरा और उनकी पारी लड़खड़ा गई। इसके बाद लगातार अंतराल पर बंगलादेश के विकेट गिरते रहे। शोबना मोस्तारी 15 रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

बंगलादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल को एक-एक विकेट मिला। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष बंगलादेश में होने वाले टी-20 महिला विश्वकप के मद्देनजर भारतीय टीम के प्रदर्शन काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर टी नटराजन ने आईपीएल में कब्जाई पर्पल कैप



**हैदराबाद, एजेंसी।** मैदान में बेहद शांत दिखने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज टी नटराजन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है. दरअसल, नटराजन ने पर्पल कैप होल्डर की रेस में दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पछाड़ा है.

मौजूदा आईपीएल का 50वां मैच हैदराबाद में 2 मई को खेला गया. इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को 1 रन से मात दी. हैदराबाद की जीत के हीरो भुवनेश्नर कुमार रहे, जिन्होंने आखिरी गेंद पर रोवमैन पॉवेल को आउट कर राजसथान को जीत दिलाई.

सनराइजर्स हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवरों में 35 रन देते हुए 2 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही नटराजन इस आईपीएल में फिलहाल सबसे ज्यादा 15 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं. नटराजन ने 8 मैचों में 19.13 के एवरेज और 8.96 की इकोनॉमी रेट से ये विकेट लिए हैं.

नटराजन के बाद जसप्रीत बुमराह (14 विकेट), मुस्ताफिजुर रहमान (14 विकेट) हैं. वहीं, हर्षल पटेल, मथीशा , युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, गेराल्ड कोएत्जे, मुकेश कुमार हैं, जिनके संयुक्त रूप से 13 विकेट हैं.

# कैसे तोड़ा राजस्थान का घमंड, हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने खोला जीत का राज

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स को आखिरी दो ओवरों में जीत के लिए महज 20 रन चाहिए थे। इस जीत के साथ उनकी प्लेऑफ की टिकट कटनी थी लेकिन 19वें ओवर में पैट कमिंस ने महज 7 रन ही दिए जबकि 20वीं में भुवी ने सिर्फ 11 रन देकर राजस्थान को जीत से एक रन दूर कर दिया। राजस्थान ने यह सीजन में सिर्फ दूसरा मुकाबला गंवाया है। उन्होंने लगातार चार मुकाबले जीते थे। मैच जीतने के साथ ही हैदराबाद के प्लेऑफ के चांस भी बढ़ गए हैं। राजस्थान का घमंड तोड़ने के बाद हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि मैं अच्छा हूं। आज अद्भुत खेल रहा। यह टी20 क्रिकेट है। कुछ भी हो सकता है। भुवी ने आखिरी गेंद पर ये कर दिखाया। कमिंस बोले- आप बीच में कुछ विकेट लेने की कोशिश करते हैं कभी यह सफल हो जाता है कभी नहीं। हमारे पास नटराजन अच्छे यॉर्कर गेंदबाज हैं, सौभाग्य से हमें कुछ विकेट मिले। हम यहां कुछ मैच खेल चुके हैं। हमारे मन में था कि 200 रन का लक्ष्य यहां हासिल किया जा सकता था। लेकिन परिस्थितियों का अच्छी तरह इस्तेमाल करना अद्भुत रहा। आज क्षेत्ररक्षण बहुत अच्छा रहा।

वहीं, हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने कहा कि यह एक अच्छी जीत है, शायद यह ऐसी जीत है जिसकी हमने अंत में उम्मीद नहीं की थी। कमिंस और भुवी ने अपना क्लास दिखाया और हमें अच्छी जीत दिलाई। हम अच्छा खेल रहे हैं, हमें कुछ हार का सामना करना पड़ा है, जो ऊर्जा के लिए अच्छा है। जीत से बहुत संतुष्ट हूं। मैंने सोचा कि (201) एक शानदार स्कोर था। नीतीश ने एक बार फिर बेहतरीन खेल दिखाया। उसके पास कुछ पारियां हैं, जहां वह आगे बढ़ चुका है और क्लासेन ने इसे आसान बना दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नंद घर आंदोलन से जुड़े मनोज बाजपेयी

**मुंबई, एजेंसी।** देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ियों में आमूल बदलाव लाने से उद्देश्य से नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ एक राष्ट्रीय आंदोलन ङ्क अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया- का अनावरण किया। नंद घर के इस आंदोलन का उद्देश्य है, समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों के लिए सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा सुनिश्चित कर भारत की भावी पीढ़ी का पोषण करना। मनोज बाजपेयी का इस आंदोलन में शामिल होने के लिए स्वागत करते हुए, वेदांता के अध्यक्ष, श्री अनिल अग्रवाल ने कहा, प्रोजेक्ट नंद घर एक राष्ट्रीय आंदोलन है, जो स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान देने के साथ बच्चों और महिलाओं के समग्र कल्याण का समर्थन करता है। हमें खुशी है कि मनोज बाजपेयी जी ने इस विस्तृत होते आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। उनकी निजी जीवन की कहानी हमारी भावी पीढ़ियों के जीवन को पोषित करने और बदलने के नंद घर के उद्देश्य से गहराई से मेल खाती है। आज इस दिल छू लेने वाले अभियान के लॉन्च में, मनोज बाजपेयी को एक युवा थिएटर अभिनेता के रूप में अपनी व्यक्तिगत यात्रा के बारे में बताते हुए देखा गया और उन्होंने अभिनय के सपने को पूरा करने के दौरान अपने लिए नियमित पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने में दोस्तों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। बाजपेयी ने एक कलाकार के संघर्ष का मार्मिक वर्णन किया है, यह स्वीकार करते हुए कि किसी के सपनों को आगे बढ़ाने की ताकत भरे पेट और पौष्टिक भोजन से आती है। नंद घर के साथ अपने जुड़ाव से उत्साहित, श्री मनोज बाजपेयी ने कहा, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो भूख की पीड़ा से गुजरा है, मैं समझता हूं कि इसका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। इसीलिए प्रोजेक्ट नंद घर जैसी पहल बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह न केवल यह सुनिश्चित करती है कि बच्चों को उचित पोषण मिले बल्कि एक उज्जवल भविष्य के लिए आशा, अवसर और अवसर भी मिले। आइए हम सभी नंद घर आंदोलन के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हम बच्चों की क्षमता का पोषण करें और साथ मिलकर एक उज्जवल भारत की तैयारी करें।

### दिल्ली में कांग्रेस को एक और झटका, ओम प्रकाश बिधूड़ी ने छोड़ी पार्टी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली कांग्रेस को गुरुवार को उस वक्त एक और झटका लगा जब पार्टी के नेता ओमप्रकाश बिधूड़ी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अपने इस्तीफे की वजह उन्होंने आम आदमी पार्टी के साथ हुए पार्टी के गठबंधन को बताया। बिधूड़ी ने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, मैंने कई कारणों से इस्तीफा दिया है, लेकिन मुख्य कारण दिल्ली में आप के साथ कांग्रेस का गठबंधन है। मैंने अपना इस्तीफा देकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। हजारों कार्यकर्ता गठबंधन से खुश नहीं हैं। बिधूड़ी ने कहा, आप कांग्रेस को कोसकर सत्ता में आई। जब अरविंदर सिंह लवली अध्यक्ष थे तो हम सभी ने अपनी भावनाएं व्यक्त की थीं, लेकिन किसी ने हमारी बात नहीं सुनी। गठबंधन कार्यकर्ताओं की भावनाओं के खिलाफ है, इसलिए मैंने इस्तीफा दे दिया है। ओम बिधूड़ी ने बताया कि फिलहाल उनकी योजना किसी भी राजनीतिक दल में शामिल होने की कोई योजना नहीं है। कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व विधायक देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था। बिधूड़ी ने इस्तीफा ऐसे समय दिया है जब अरविंदर सिंह लवली ने कुछ दिन पहले (29 अप्रैल) ही कांग्रेस की दिल्ली इकाई का प्रमुख पद छोड़ दिया था।

# श्मशान घाट लाशों से भरे पड़े थे और भाजपा भ्रष्टाचार के खेल में डूबी थी, आप का आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी नेता और सांसद संजय सिंह ने कोरोना महामारी के दौरान लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन लगाने को लेकर गुरुवार को भाजपा और केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने सरकार पर जानबूझकर लोगों की जान से खिलवाड़ करने और वैक्सीन खरीदी में बड़ा भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से इलेक्टोरल बॉण्ड के जरिए 52 करोड़ रुपए की रिश्वत ली। सांसद ने कहा कि भाजपा को मौत के बदले भी भ्रष्टाचार मंजूर है।

संजय सिंह ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, भाजपा और उसकी केंद्र सरकार को देश की जनता से कोई लेनादेना नहीं है। कोरोना महामारी के वक्त जब पूरा देश पीड़ित था। लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई। श्मशान में अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं थी, लोग अपने घरवालों के शवों को जलाए बगैर उनको छोड़कर जा रहे थे। भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार के खेल में डुबी हुई थी।

**दूसरे देशों में बैन हुई, हमारे यहां करोड़ों का ऑर्डर दिया:** आप नेता ने आगे कहा, केंद्र सरकार ने कोविशील्ड नामक एक कंपनी को वैक्सीन का ठेका दिया। जनवरी 2021 में यह ठेका दिया गया और कंपनी से 1 करोड़ 10 लाख डोज मांगी गई। इसका दाम 150 रुपए रखा गया। इसके बाद जब यह



वैक्सीन बाजार में आई, तो दुनिया के कई हिस्सों में हाहाकार मच गया। क्योंकि इस वैक्सीन को लगाने से वहां दुष्प्रभाव सामने आए, लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ गईं। जिसके बाद मार्च 2021 में दुनिया के कई देशों ने इस पर वैक्सीन पर बैन लगा दिया। इस दौरान जर्मनी, इटली, फ्रांस, स्पेन, नीदरलैंड्स, आयरलैंड्स, डेनमार्क, नॉर्वे, आइसलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे देशों ने कोविशील्ड वैक्सीन को बैन कर दिया। मार्च 2021 में जब दुनिया के तमाम देश इस वैक्सीन पर बैन लगा रहे थे तब हमारे देश के प्रधानमंत्री और भारत सरकार ने फिर से इसी कंपनी को 10 करोड़ डोज का ठेका दे दिया। संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि वैक्सीन का दाम पहले 150 रुपए था, फिर दाम बढ़ाया गया और रिश्वत ली गई। वैक्सीन का दाम 600 रुपए कर दिया गया और बदले में 52 करोड़ रुपए का चुनावी चंदा लिया गया। जब ब्रिटेन में कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी पर केस हुआ, तो 1,000 करोड़ हर्जाने का मुक़दमा किया गया, तब पता चला कि इसके दुष्प्रभाव के कारण लोगों की जानें जा रही हैं। इस वैक्सीन पर बैन लगाने वाले देशों को इस वैक्सीन के दुष्प्रभाव के बारे में मार्च 2021 में ही पता चल गया था। लेकिन नरेंद्र मोदी ने मार्च 2021 में ही इस वैक्सीन की 10 करोड़ डोज का ऑर्डर दिया। इन्होंने धन्यवाद मोदी जी के पोस्टर लगाने पर 6,000 करोड़ रुपए खर्च किए। कम्पनी पर जिम्मेदारी तय होना चाहिए

आप सांसद ने वैक्सीन से हो रही मौतों की जिम्मेदारी तय करने की बात कहते हुए कहा, जिन लोगों की जान गई है, उनके परिवार की मदद के लिए क्यों इस वैक्सीन को बनाने वाली कम्पनी की जिम्मेदारी तय की गई। क्योंकि गंदा है पर धंधा है ये, बीजेपी का चंदा है ये। भाजपा ने इस कम्पनी से रिश्वत खाई है। आगे संजय सिंह ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से मांग करता हूं कि वे इस जानलेवा वैक्सीन को लगवाने के लिए देश की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगे। 150 रुपए की वैक्सीन का दाम 600 रुपए करने के लिए जनता से माफी मांगे।

## देश की बेटियां हार गईं, बृजभूषण के बेटे को टिकट मिला तो भड़के रेसलर

**कैसरगंज, एजेंसी।** भाजपा ने उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से इस बार पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे करण सिंह को टिकट दे दिया है। बीते साल बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए महिला रेसलर्स ने दिल्ली में महीने भर प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्हें भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई)के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। अब उनके बेटे को जब भाजपा ने चुनावी मैदान में उतार दिया है तो खिलाड़ियों ने एक बार फिर गुस्सा जाहिर किया है।

बता दें कि फरवरी महीने में ही बृजभूषण के छोटे बेटे करण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी चुने गए थे। रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली साक्षी मलिक ने एक्स पर लिखा, बृजभूषण जीत गए और भारत की बेटियां हार गईं। उन्होंने कहा, हम सभी ने अपने करियर को दांव पर लगाया और कई दिनों तक सड़क पर बैठी रही। इसके बावजूद बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई। हमने न्याय की मांग की। अब गिरफ्तारी तो छोड़िए उनके बेटे को भाजपा ने टिकट दे दिया है। देश की करोड़ों बेटियों का दिल टूट गया। अब भी टिकट उनके परिवार में ही है।

उन्होंने आगे कहा, आखिर सरकार एक व्यक्ति के आगे क्यों कमजोर है? आप सभी राम के नाम पर वोट चाहते हैं, लेकिन उनके आदर्शों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं। बता दें कि बीते साल बृजभूषण के करीबी संजय सिंह को WFI का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद साक्षी मलिक ने खेलना बंद कर दिया था। मलिक की मां ने कहा, हम बहुत ही निराश और दुखी हैं। करण सिंह को टिकट मिलना दिखाता है कि हमारी परवाह किसी को नहीं है। विरोध प्रदर्शन में ही हमारी बेटी ने खेलना बंद कर दिया। बजरंग और विनेश ने अपने पुरस्कार लौटा दिए। ऐसा लगता है यह सब बेकार हो गया।

बता दें कि जून 2023 में दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 1000 पेज की चार्जशीट फाइल की थी। उनपर आईपीसी की धारा 354, 354डी, 345ए के तहत केस दर्ज किया गया था। दिल्ली की राउज अवेन्यू कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है। 7 मई को मामले की अगली सुनवाई होनी है। रेसलर जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह हमारी पीठ पर छुरा भोंका गया है। क्या इसी के लिए हम सड़कों पर सोते थे? बृजभूषण के लोग डब्ल्यूएफआई में भी बैठे है और उनका बेटा अब चुनाव भी लड़ रहा है। बड़े शर्म की बात है। तोक्यो ओलंपिक में पदक विजेता बजरंग पुनिया ने इसे देश का दुर्भाग्य बताया है। उन्होंने कहा, भाजपा खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताती है लेकिन लाखों कार्यकर्ताओं में उसे सिर्फ टिकट देने के लिए एक ही व्यक्ति मिला। पार्टी प्रज्वल रेवन्ना को लेकर भी घिरी हुई है। यह देश का दुर्भाग्य है कि देश की बेटियों को सड़क पर घसीटा गया और एक यौन उत्पीड़न के आरोपी के बेटे को चुनाव का टिकट दिया जा रहा है।

## दिल्ली में होगा कूल-कूल मौसम; दो दिन चलेंगी हवाएं, फिर बारिश के आसार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में एक ओर लू जैसे हालात हैं, वहीं हिमालय से आ रही ठंडी हवाओं के चलते दिल्ली को झुलसाने वाली गर्मी से फिलहाल राहत है। गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से चार और न्यूनतम पांच डिग्री कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शुक्रवार को हवाएं चलने और शनिवार को हल्की बारिश के आसार जताए हैं।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में गुरुवार सुबह तेज धूप निकली। हालांकि, इस दौरान 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के कारण लोगों को गर्मी से राहत रही। यह हवा उच्च हिमालयी क्षेत्रों की ओर से आ रही है, जहां अच्छी बर्फबारी और बारिश होने से हवा में ठंडक बनी हुई है। इससे दिल्ली के तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। सफदरजंग मौसम केंद्र में दिन का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम पारा 19.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि तेज हवा का यह क्रम शुक्रवार को भी बना रहेगा। दिन के समय 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा चल सकती हैं। अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री तक रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। धूल भरी आंधी के साथ दिल्ली में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 45 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रहने का अंदेशा है।

## मुसलमानों के खिलाफ नहीं है भाजपा, इस्लामिक देशों ने भी दिया मोदी को सम्मान; राजनाथ सिंह की अपील

**सुपौल, एजेंसी।**
रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने विपक्ष के भाजपा पर हिंदू-मुस्लिम के बीच विभाजन पैदा करने के आरोप को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कई इस्लामी देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया है। बिहार के सुपौल और सारण लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने अल्पसंख्यक समुदाय को कांग्रेस और उसके सहयोगी राजद से सावधान रहने का आग्रह करने के साथ विपक्षी दलों पर उन्हें धोखा देकर वोट मांगने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा, ''जहां तक भाजपा और राजग का प्रश्न है, तो हम लोग जात-पात, पंथ और मजहब के आधार पर राजनीति नहीं करते हैं। हम इंसाफ और इंसानियत के आधार पर राजनीति करते हैं।'' उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण संभव नहीं है।

उन्होंने कहा, ''पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की सुविधा है तथा मुस्लिम समाज में जो बहुत पिछड़े और गरीब हैं, वे इसमें शामिल हैं। आप कहते हैं कि हम धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे। क्यों उनकी आंखों में धूल झुक रहे हैं। भारत का संविधान इस बात की इजाजत देता ही नहीं है कि धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाए। मैं मुसलमान भाइयों से कहना चाहता हूं कि आप लोग इनके बहकावे नहीं आए।''



कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, ''ये हमपर हिंदू-मुसलमान करने का आरोप लगाते हैं जबकि अरब जगत के पांच देशों ने अपने सबसे बड़े सम्मान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को नवाजा है।''


उन्होंने कहा, ''मैं मुसलमान भाइयों से भी कहना चाहता हूं... हां हमने एक काम किया है, तीन तलाक की प्रथा को समाप्त किया है। हम किसी को धोखा नहीं देना चाहते हैं और डंके की चोट पर कहते हैं कि हां हमने किया है क्योंकि हम समाज को बांट कर राजनीति नहीं करना चाहते।'' सिंह ने कहा, ''चाहे मुसलमान हो, हिंदू हो, ईसाई हो या यहूदी हो, सबकी मां-बहन, बेटी हम लोग की मां-बहन, बेटी हैं। हम लोग ऐसा नजरिया रखते हैं। हम किसी भी धर्म के लोगों को इस बात की इजाजत नहीं दे सकते कि आप किसी की बेटी से शादी कीजिए और 10 दिन के बाद तलाक-तलाक-तलाक बोल कर उनकी छुट्टी कर दीजिए। हम अपने मुसलमान भाइयों से भी कहना चाहते हैं कि आप इस पर विचार कीजिए। बहुत सारे मुसलमान भाई इसका समर्थन कर रहे हैं।'' उन्होंने यह भी दावा किया कि राजग लोकसभा में 400 से अधिक सीट के अपने लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर है।

सिंह ने कहा, ''सूरत ने भाजपा के विजय का श्री गणेश हो चुका है।'' उनका इशारा भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने की ओर था, क्योंकि अधिकतर उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए थे और बाकी के नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज कर दिए गए थे। सिंह ने कहा, ''इंदौर में, कांग्रेस उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा का समर्थन किया है।'' उन्होंने कहा, ''सारे देश का जो माहौल दिख रहा है, उससे हमें लगता है कि हमलोगों ने जो 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम पूरी तरह से कामयाब होंगे। मेरा पक्का विश्वास है।''

सिंह ने कहा, ''अब विपक्ष चिल्ला रहा है कि इससे लोकतंत्र ख़तरे में पड़ जाएगा। आपको बता दें कि आजादी के बाद से अब तक कम से कम 28 लोग निर्विरोध चुने गए हैं। उनमें से 20 कांग्रेस के थे और दो उसकी सहयोगी समाजवादी पार्टी के थे।'' उन्होंने यह भी कहा कि अगले दस वर्षों में कांग्रेस ''डायनासोर की तरह'' विलुप्त हो जाएगी।

## मोटा कहकर 6 साल के बच्चे को ट्रेडमिल पर इतना दौड़ाया हो गई मौत

**न्यू जर्सी, एजेंसी।** अमेरिका के न्यू जर्सी में कलयुगी पिता की हैवानियत सामने आई है। उसने अपने छह साल के बेटे को ट्रेडमिल पर इतना दौड़ाया कि उसकी मौत हो गई। आरोपी की घिनौनी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई, जिसे सुनवाई के दौरान कोर्टरूम में चलाया गया। फुटेज बेहद परेशान करने वाले थे, जिसमें आरोपी अपने मासूम बेटे को ट्रेडमिल पर देर तक दौड़ाते रहा। इस दौरान वह बार-बार गिरता रहा और चोटिल होता रहा लेकिन, हर बार उसका पिता उसे उठाकर फिर ट्रेडमिल पर दौड़ने के लिए खड़ा कर देता। घटना को देखकर जज भी हैरान रह गए। बच्चे की मां रोने लगी। जज ने आरोपी की वारदात को संगीन और बेहद क्रूर बताते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।



मेल ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, घटना 2021 की है और अपने 6 साल के बेटे कोरी की हत्या के मामले में आरोपी क्रिस्टोफर ग्रेगर को बीते मंगलवार के दिन दोषी ठहराया गया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना 20 मार्च 2021 की है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान जब कोर्ट रूम में क्रिस्टोफर की हैवानियत सीसीटीवी के जरिए दिखाई गई तो उसकी दरिंदगी देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया। जज भी हैरान रह गए और कोर्टरूम में मां ब्रीना मिकसिओलो यह नजारा देखकर रोने लगी। बच्चे की मां मुकदमे के दौरान अपने पति के खिलाफ गवाही देने वाली पहली गवाह थी। जिम के वीडियो परेशान करने वाले थे और वह फुटेज देखकर रोने लगी। बच्चे के पिता को लगता था कि वह काफी मोटा है और अपने बेटे को पतला करने के लिए जिम में जबरन ट्रेडमिल करवाया। जिम में उसे बार-बार गिरकर कई बार चोट लगी। जब बच्चे की मां ने उसकी हालत देखी तो 2 अप्रैल, 2021 को वह बेटे को डॉक्टर के पास ले गई, जहां लड़के ने कहा कि उसके पिता ने उसे ट्रेडमिल पर दौड़ने के लिए मजबूर किया क्योंकि वह बहुत मोटा है। अगले दिन, क्रिस्टोफर बेटे को फिर अस्पताल लेकर आया। उसे सांस लेने में तकलीफ और मतली की शिकायत थी। स्कैन के दौरान उसे दौरे पड़ने लगे और उसकी मौत हो गई।

शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता लगा कि कोरी की मौत की वजह शरीर के अंदरूनी हिस्सों में चोट के कारण हुई।

## अमेरिकी विश्वविद्यालयों में प्रदर्शनों से मस्क ने जताई नाराजगी, एडवर्ड स्नोडेन ने दिया करारा जवाब

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में हो रहे फलस्तीन समर्थित विरोध प्रदर्शनों के मुद्दे पर एलन मस्क ने एक ऐसा पोस्ट किया, जिस पर अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने करारा जवाब दिया है। दरअसल मस्क ने सोशल मीडिया पर एक पोल साझा किया, जिसमें अमेरिकी झंडे का अपमान करने वाले को देश से बाहर भेजने पर लोगों की राय मांगी गई थी। इस पर स्नोडेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में अभिव्यक्ति की आजादी है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जारी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों पर एलन मस्क ने एक ट्वीट किया। जिसमें मस्क ने लिखा, प्रस्तावित कानूनः अगर कोई अमेरिकी झंडे का फाड़ता है और उसकी जगह कोई दूसरा झंडा लगाता है तो उस व्यक्ति को अनिवार्य रूप से उस देश भेज देना चाहिए, जहां का झंडा उसने लगाया है। मस्क ने इस पोस्ट पर लोगों से हां और नहीं में जवाब भी मांगा था। मस्क के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने लिखा कि पहली बात अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी है, जिसमें सभी झंडों को फाड़ने और उनके साथ कुछ भी करने की आजादी है और किन्हीं कारणों से इस अधिकार को संविधान में सुरक्षित किया गया है। दूसरी बात तब आप क्या करेंगे, जब वे लोग इस झंडे से अमेरिकी झंडे को बदल दें इसके साथ ही स्नोडेन ने फास्ट फूड चेन मैक्डोनाल्ड के झंडे की तस्वीर साझा की।

## गाजा में मानवीय संकट को लेकर तुर्किये ने इस्राइल के साथ रोका व्यापार, विदेश मंत्रालय ने किया एलान

**अंकारा, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच बीते 200 से ज्यादा दिनों से जारी भीषण जंग थमने का नाम नहीं ले रही। इस बीच, तुर्किये ने गाजा की मानवीय स्थिति का हवाला देते हुए तेल अवीव से सभी आयात और निर्यात रोक दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की खबरों के मुताबिक तुर्किये के व्यापार मंत्रालय ने इसकी घोषणा की।

मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा, इस्राइल से जुड़े आयात और निर्यात को रोक दिया गया है, जिसमें सभी उत्पाद शामिल हैं। तुर्किये इन नए उपायों को सख्ती से और निर्णायक रूप से लागू करेगा, जब तक इस्राइल सरकार गाजा को मानवीय मदद के निर्बाध और पर्याप्त प्रवाह को अनुमति नहीं देती है।

तुर्किये की ओर से यह घोषणा तब की गई है, जब इस्राइली विदेश मंत्री इस्राइल काट्ज ने हाल ही में तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तईप अर्दोगान पर बंदरगाहों से इस्राइल के आयात और निर्यात में बाधा डालकर समझौतों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। काट्ज ने एक्स पर



लिखा था, एक तानाशाह कैसे व्यवहार करता है। तुर्किये के लोगों और व्यापारियों के हितों की अवहेलना करता है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों की अनदेखी करता है। काट्ज ने खुलासा किया था कि उन्होंने विदेश मंत्रालय को तुर्किये के साथ वैकल्पिक व्यापार के विकल्पों का पता लगाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय घरेलू उत्पादन और अन्य देशों से आयात पर फोकस कर रहा है। 2023 में दोनों देशों के बीच 6.8 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार था। पिछले साल तुर्किये ने इस्राइल पर व्यापार प्रतिबंध लगाए थे और इस्राइल पर गाजाज में हवाई मदद भेजने से रोकने और क्षेत्र में सैन्य कार्रवाइयों का आरोप लगाया था।

इस्राइल के साथ तुर्किये के व्यापार संबंधों के बारे में पूछे जाने पर पिछले महीने राष्ट्रपति अर्दोगान ने जवाब दिया था कि तुर्किये अब इस्राइल के साथ भारी व्यापार में शामिल नहीं है। हालांकि, स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा था कि अंकारा ने इस्राइल के साथ सभी व्यापार को पूरी तरह से बंद कर दिया है।

## महिला अधिकार कार्यकर्ता को 11 साल की जेल, जनवरी में सुनाई गई थी सजा

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब में एक महिला अधिकार कार्यकर्ता मनाहेल अल-ओतैबी को महिलाओं के अधिकारों और उनके पहनावे की वकालत करने के लिए 11 साल की सजा सुनाई गई। सीएनएन ने मानवाधिकार संगठनों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। एमनेस्टी इंटरनेशनल और लंदन स्थित सऊदी अधिकार समूह एएलक्यूएसटी के मुताबिक, अल-ओतैबी को 9 जनवरी 2024 को सऊदी अरब के विशेष आपराधिक न्यायालय द्वारा गोपनीय सुनवाई में सजा सुनाई गई, जिसका खुलासा संयुक्त राष्ट्र की जांच के कुछ हफ्तों बाद ही हुआ। सीएनएन के मुताबिक, इन मानवाधिकार संगठनों ने साझा बयान में बताया कि अल-ओतैबी (29 वर्षीय) पर लगे आरोप कथित तौर पर उनके कपड़ों की पसंद और ऑनलाइन सक्रियता से जुड़े हैं, जिसमें सऊदी अरब की पुरुष अभिभावकता वाली प्रणाली को समाप्त करना, खुद के वीडियो साझा करना और बिना अबाया पहने बाहर जाना शामिल है। अल-ओतैबी की बहन फौजिया अल-ओतैबी को भी इसी तरह के आरोपों का सामना करना पड़ा था। 2022 में फौजिया को पूछताछ के लिए बुलाया गया, जिसके बाद वह सऊदी अरब से भागने में सफल रही।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129